हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
दुमका, औरंगाबाद, आरा, एवं पटना से प्रकाशित

Page 11
खेल




अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइल में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास ,बाबर आजम का...

ममता की केंद्र को दो-टूक : बीएसएफ का दायरा घटाओ, तभी फेंसिंग के लिए मिलेगी जमीन
देश
Page 10



रजि नं.-JHAHIN/2022/82776
• दुमका • शनिवार • 07 फरवरी 2026 • वर्ष 04 • अंक 353 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सिक्किम में भूकंप के 13 झटके महसूस किए गए, तीव्रता 2.2 से 4.5 के बीच दर्ज



**एजेंसी, गंगटोक** । सिक्किम के विभिन्न जिलों में भूकंप के असामान्य झटके महसूस किए गए । इन झटकों की तीव्रता हल्की से मध्यम रही। भूकंप से राज्य में जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। सिक्किम में गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। राज्य के छह में से चार जिले मंगन, नामची, गंगटोक और गेजिंग में भूकंप के झटके महसूस किए जाने की जानकारी मिली है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.2 से 4.5 के बीच दर्ज की गई। केंद्र सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के आंकड़ों के अनुसार, सिक्किम के इन चार जिलों में कुल 13 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सर्वाधिक सात झटके मंगन जिले में दर्ज किए गए। इसके बाद नामची जिले में चार बार तथा गंगटोक और गेजिंग जिलों में एक-एक बार झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका गुरुवार देर रात 1:09 बजे गेजिंग जिले में महसूस किया गया, जबकि अंतिम झटका शुक्रवार सुबह 5:29 बजे नामची जिले में महसूस किया गया।

## अमित शाह ने कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अग्रिम इलाकों का किया दौरा



**एजेंसी, जम्मू** । केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के अपने दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करते हुए कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अग्रिम इलाकों का दौरा किया। गृहमंत्री ने हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबिया की सीमा चौकियों का दौरा किया और सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की। उनकी यात्रा आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए सीमा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने और आतंकवाद विरोधी अभियानों में तेजी लाने के बीच हो रही है, जिसमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और किश्तवाड़ जिलों में लगभग एक दर्जन मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार कट्टर पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। शाह गुरुवार देर रात जम्मू पहुंचे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। कठुआ में गृहमंत्री ने बोबिया में सीमा रक्षकों के लिए छह कल्याणकारी योजनाओं का वस्तुतः उद्घाटन और शिलान्यास किया।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, एक जवान बलिदान



**एजेंसी, मुंबई** । महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के फोदेवाडा इलाके स्थित अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में शुक्रवार को तीन नक्सली मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में सी-60 का एक जवान का बलिदान हो गया है, जबकि दूसरा घायल है। घायल जवान का इलाज जारी है और उसकी तबीयत स्थिर बताई गई है। गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बताया कि भामरागढ़ तहसील के फोदेवाडा इलाके के अबुझमाड़ जंगल में गोपनीय जानकारी के आधार पर सी-60 के जवानों ने गुरुवार से सर्च ऑपरेशन शुरु किया था। इसी दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कल एक नक्सली की मौत हो गई थी और एक जवान भी घायल हुआ था। लेकिन पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन को आज सुबह फिर से शुरू किया, जो अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने नक्सलियों के दो अड्डों को ध्वस्त कर दिया है और उन अड्डों पर तलाशी के दौरान एक महिला माओवादी और एक पुरुष माओवादी के शव बरामद किए हैं।

# परीक्षा जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं, सर्वांगीण विकास जरूरी

### एक नेता ने कहा आप 75 के हो गए, तो मैंने कहा अभी 25 बाकी हैं: प्रधानमंत्री



एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं बल्कि जीवन का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि परीक्षा जीवन की अंतिम मंजिल नहीं, स्वयं को परखने का एक माध्यम है। अंक ही सबकुछ नहीं होते, असली लक्ष्य संतुलित, आत्मविश्वासी और सक्षम जीवन का निर्माण होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आज यहां अपने आवास पर 'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के नौवें संस्करण में देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों से संवाद किया। मणिपुर की एक छात्रा के सवाल पर प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि जो बीत गया उसकी गिनती में समय बर्बाद न करें। अपना उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि '17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर एक नेता ने फोन किया और बोले कि अब आप 75 के हो गए, तो मैंने कहा कि अभी 25 बाकी हैं।' उन्होंने कहा कि 'जो बीता है, मैं उसे गिनता नहीं हूं। जो बचा है उसको गिनता हूं।' उन्होंने छात्रों से भी यही दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि जो बीता है उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए, जो बचा है उसको जीने के लिए सोचिए।

**अलग-अलग अध्ययन पद्धतियों को लेकर भ्रम** : माता-पिता और शिक्षकों द्वारा सुझाई जाने वाली अलग-अलग अध्ययन पद्धतियों को लेकर भ्रम संबंधी एक छात्र के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्थिति जीवन भर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद भी लोग उन्हें अलग-अलग तरीके से काम करने की सलाह देते हैं। सलाह जरूर लें लेकिन वही करें जो आपके स्वभाव और परिस्थितियों के अनुकूल हो। मोदी ने कहा, "आप अपना जो पैटर्न है, उस पर पूरा भरोसा करो। लेकिन जो पैटर्न के लिए सुझाव देते हैं, उसको ध्यान से सुनो, समझने की कोशिश करो और उसमें आपको लगता है कि यह चीज अगर जोड़ दूं तो अच्छा होगा। लेकिन किसी के कहने पर मत जोड़ो, अपने अनुभव से जोड़ो।

**"इम्पोर्टेंट क्वेश्चन" पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर किया आगाह** : प्रधानमंत्री ने बोर्ड और स्कूल परीक्षाओं की तैयारी में पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों और तथाकथित "इम्पोर्टेंट क्वेश्चन" पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर छात्रों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि जब छात्र केवल सीमित पैटर्न पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तब प्रश्नपत्र कठिन लगने लगता है, जबकि वह सिलेबस के बाहर नहीं होता। यह प्रवृत्ति उनके छात्र जीवन के समय भी थी और आज भी कुछ शिक्षक अनजाने में इसे बढ़ावा देते हैं। अच्छे शिक्षक वही होते हैं जो पूरे सिलेबस को जीवन से जोड़ कर पढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री ने खेल का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एक खिलाड़ी केवल कंधे की मांसपेशियां मजबूत करके अच्छा बॉलर नहीं बन सकता, वैसे ही पढ़ाई में भी संपूर्ण तैयारी जरूरी है। शरीर, मन, नींद, खानपान- सबका संतुलन जरूरी है। शिक्षा भी ऐसी ही है; उसे जीवन के हर पहलू से जोड़कर देखना चाहिए।

**एकाग्रता की कमी, भूलने की समस्या:** पढ़ाई के दौरान एकाग्रता और भूलने की समस्या पर प्रधानमंत्री ने व्यावहारिक सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्र अपने से कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाएं और अपने से बेहतर विद्यार्थियों से कुछ समय मार्गदर्शन लें। इससे दोहरा लाभ होगा- समझ मजबूत होगी और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी क्षण में जितना अधिक हम शामिल होते हैं, वह उतना ही लंबे समय तक याद रहता है। कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की एक साथ तैयारी के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राथमिकता बोर्ड परीक्षा को देनी चाहिए। यदि छात्र अपने सिलेबस को गहराई से आत्मसात कर लेते हैं तो प्रतियोगी परीक्षाएं अपने आप आसान हो जाती हैं। उन्होंने माता-पिता से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को उनकी क्षमता, रुचि और गति के अनुसार आगे बढ़ने दें। परीक्षा के दौरान घबराहट और जल्दबाजी से होने वाली गलतियों पर प्रधानमंत्री ने एक सरल तकनीक साझा की।

# किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार उसकी शिक्षा होती है : राज्यपाल



सोन वर्षा वाणी संवाददाता। बोकारो

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार उसकी शिक्षा होती है। उन्होंने कहा कि राज्य में बारहवीं तक की शिक्षा की स्थिति अच्छी तो है, किन्तु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे हैं। इसमें सुधार लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता के त्याग को स्मरण रखने तथा शिक्षकों का सम्मान करने का आग्रह किया। राज्यपाल शुक्रवार को बोकारो जिले के चास स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना राज्य के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। जब विद्यालय के नाम में ही 'एक्सीलेंस' अर्थात उत्कृष्टता निहित है, तो विद्यार्थियों का लक्ष्य भी हर हाल में उत्कृष्टता प्राप्त करना होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों से केवल उनके अभिभावकों को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा समय के महत्व को समझने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सीखी गई छोटी-बड़ी आदतें—जैसे समय पर आना, नियमित अभ्यास करना और अनुशासन बनाए रखना, जीवन में आगे चलकर सफलता की आधारशिला बनती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सपने वे नहीं हैं जो नींद में देखते हैं, बल्कि सपने वे होते हैं जो उन्हें पूरा किए बिना सोने नहीं देते। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हों, आत्मविश्वास, परिश्रम और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने तथा अध्ययन और आत्म-विकास पर अधिक ध्यान देने की सलाह दी। राज्यपाल ने अपने संघर्षशील जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि जब वे दो वर्ष के भी नहीं थे, तभी उनके पिता जी का देहांत हो गया था। वे ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। आज जो भी हैं, इसमें उनके माता का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां भी व्यक्ति को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकतीं, यदि उसके भीतर दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास हो। राज्यपाल ने संवाद के क्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया तथा कहा कि अनावश्यक रूप से अन्य दिशाओं में ध्यान भटकाना अपने साथ अन्याय करना है।

## रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट




एजेंसी, रांची


झारखंड की राजधानी रांची के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। यह धमकी कोर्ट की आधिकारिक मेल आईडी पर एक संदेश के जरिए भेजी गई। इस घटना के बाद से कोर्ट परिसर की सुरक्षा को चाक-चौबंद कर दिया गया है। धमकी भरा मेल मिलने के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सघन तलाशी ली जा रही है। कोर्ट के मुख्य द्वारों और संवेदनशील हिस्सों पर पुलिस जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। पूरे परिसर की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके। कोर्ट परिसर में लगे कैमरों की फीड पर पुलिस की टीम लगातार नजर बनाए हुए है। शुरुआती जांच के मुताबिक, जिस ईमेल आईडी से रांची सिविल कोर्ट को संदेश भेजा गया है, उसी आईडी का इस्तेमाल बिहार के कैमूर सहित कई अन्य जिलों के महत्वपूर्ण संस्थानों को धमकी देने के लिए भी किया गया है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

## आरबीआई ने ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया, रेपो रेट 5.25 फीसदी पर बरकरार

एजेंसी, नई दिल्ली

वर्ष 2026 के पहले मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने किया। केंद्रीय बजट 2026 और हाल ही में हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद यह पहली नीतिगत समीक्षा है, जिस पर दलाल स्ट्रीट और आर्थिक जगत की निगाहें टिकी थी। आरबीआई ने इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे यथास्थिति बनाए रखा है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने उम्मीदों के अनुरूप रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर यथावत रखने का फैसला किया है। पॉलिसी बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि देश में महंगाई दर अनुमानित दायरे में बनी हुई है। उन्होंने इसे हाई ग्रोथ और लो इन्फ्लेशन का अनुकूल दौर ताया। गवर्नर के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मजबूत रहा है और आगे भी इसमें स्थिरता की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वे में अधिकांश विशेषज्ञों ने ब्याज दरों को लेकर सतर्क रुख अपनाने की बात कही। उनका मानना है कि तब तक दरों में कटौती नहीं की जानी चाहिए जब तक आर्थिक वृद्धि में बड़ी गिरावट का खतरा न हो। यह सर्वे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा से पहले किया गया था। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ अनुमान 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है।

वहीं वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए ग्रोथ अनुमान 6.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही के लिए 7 प्रतिशत किया गया है। गवर्नर ने बताया कि नई जीडीपी सीरीज आने के कारण पूरे वर्ष का अनुमान जारी नहीं किया गया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक कमर्शियल बैंकों को कर्ज देता है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ता है। जब रेपो रेट बढ़ती है, तो बैंक भी आमतौर पर अपने लोन की ब्याज दरें बढ़ा देते हैं। ऐसे में होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन की ईएमआई महंगी हो जाती है। वहीं जब रेपो रेट घटती है, तो लोन सस्ते हो सकते हैं और ईएमआई का बोझ कम हो सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### बड़े व्यवसायी ने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से लगाई छलांग, मौके पर मौत

**रांची।** शहर के प्रसिद्ध कारोबारी अनुराग सरावगी ने ब्लेयर अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार देर रात की है। रांची पुलिस आत्महत्या का कारण और दूसरे तथ्यों को लेकर जांच में जुटी हुई है। रांची के जाने–माने बिल्डर और मेन रोड स्थित जेडी हाई स्ट्रीट मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर 45 वर्षीय अनुराग सरावगी ने गुरुवार रात ब्लेयर अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह फ्लैट में अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी और दोनों बच्चे तमिलनाडु में रिश्तेदारों से मिलने गए हुए थे। देर रात तक पुलिस को कारणों का पता नहीं चला, लेकिन प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी देते हुए अपार्टमेंट के सुरक्षा गार्ड ने बताया कि गुरुवार की रात सभी सोने चले गए थे तभी किसी के बहुत ऊपर से गिरने की आवाज आई, दौ? कर जाने पर अनुराग सर का शव जमीन पर मिला, जहां उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। उनका मोबाइल फोन पूरी तरह चकनाचूर हो गया था, जिसे फॉरेंसिक टीम ने जब्त कर लिया है। अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर उनके वृद्ध माता–पिता मौजूद थे, जबकि दूसरे फ्लोर पर उनका एक और फ्लैट अंदर से बंद मिला। पुलिस को दिए बयान में घर की नौकरानी ने बताया कि अनुराग जब घर लौटे तो फोन पर किसी से जोर–जोर से बात कर रहे थे और बेहद उत्तेजित लग रहे थे। नौकरानी ने कहा, साहब फोन पर किसी से बहस कर रहे थे। फिर अचानक बाहर चले गए। फिर अचानक उनके बालकनी से गिरने की आवाज आई।

### रांची में फिर हुई फायरिंग, कोयला और ईंट कारोबारियों को पर्चा फेंक दी गई धमकी

**रांची।** राजधानी में कहीं अपराधी फायरिंग कर रहे हैं तो कहीं उग्रवादी। दोनों के ही निशाने पर कारोबारी ही हैं। ताजा मामला रांची के खलारी थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र स्थित डकरा कांटा घर में टीएसपीसी उग्रवादियों ने शुक्रवार की सुबह फायरिंग कर दहशत फैला दी। शुक्रवार की सुबह रांची के डकरा कांटा घर में टीएसपीसी उग्रवादियों द्वारा हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी गई। कांटा घर के कर्मचारियों के अनुसार बाइक सवार अपराधी अचानक शुक्रवार की सुबह पहुंचे और हवाई फायरिंग करते हुए, पर्चा फेंक फरार हो गए। फायरिंग के बाद कांटा घर में दहशत फैल गई और कामकाज बंद हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही खलारी पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी जांच के दौरान बाइक सवार अपराधी फायरिंग करते दिखे हैं। फायरिंग की जिम्मेवारी टीएसपीसी संगठन के द्वारा ली गई है। फायरिंग के बाद टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा इसकी जिम्मेवारी ली गई है। पर्चे में सुदर्शन जी के नाम से कोयला और ईंट कारोबारियों को धमकी दी गई है। उग्रवादी पर्चे में लिखा गया है कि कोई भी अगर संगठन को बिना जानकारी दिए और बिना अनुमति के काम करेगा तो वह अपने जानो माल का खुद जिम्मेवार होगा। वहीं दूसरी तरफ खलारी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने बताया कि फायरिंग की घटना की जांच शुरू कर दी गई है। फायरिंग करने वाले अपराधी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा।आपको बता दें कि राजधानी रांची में फायरिंग कर दहशत फैलाने की तीन दिनों के भीतर यह दूसरी घटना है। बुधवार को रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र में भी राहुल सिंह गैंग के द्वारा फायरिंग की गई थी। जिसमें कार शो रूम के संचालक को धमकी देते हुए रंगदारी की मांगी की गई थी।

### संथाल की 'स्वास्थ्य राजधानी' का हल! देवघर सदर अस्पताल में लाखों का टैंकर बना शो-पीस

**देवघर।** संथाल परगना की पहचान अगर किसी जिले से होती है, तो वह देवघर है। छह जिलों की आबादी देवघर को एक भरोसेमंद हेल्थ सेंटर मानती है। एम्स जैसे बड़े संस्थान और कई निजी अस्पताल यहां मौजूद हैं, लेकिन जिले के सबसे अहम सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक नहीं है। सदर अस्पताल परिसर में जमीन पर पड़ा विशाल ऑक्सीजन टैंकर इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। कोरोना काल में ऑक्सीजन संकट से निपटने के लिए लाखों रुपये खर्च कर खरीदा गया यह टैंकर वर्षों से यूं ही पड़ा है। हालत यह है कि अब टैंकर पर घास उग आई है, मशीनें जंग खा रही हैं और ऑक्सीमीटर धीरे–धीरे जवाब दे चुके हैं। स्थानीय अधिकारियों से पूछने पर साफ कहा गया कि यह ऑक्सीजन टैंकर कई सालों से इसी हालत में पड़ा है। कोरोना जैसी भयावह आपदा के समय लाया गया यह संसाधन आज तक मरीजों के किसी काम नहीं आ सका, यानी कागजों में खरीदी गई सुविधा, जमीन पर सिर्फ कबाड़ बनकर रह गई है। मामले पर देवघर के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ। बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि पदभार संभालने के बाद उन्होंने इस विषय में जानकारी ली है। उनके अनुसार एक स्टेबलाइजर की कमी के कारण ऑक्सीजन टैंकर का इंस्टालेशन अब तक नहीं हो पाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द टैंकर को दुरुस्त कर इंस्टॉल किया जाए, ताकि सदर अस्पताल सहित आसपास के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों को भी बिना रुकावट ऑक्सीजन मिल सके।

गिरिडीह कारीपहाड़ी जंगल हत्याकांड का खुलासा

# दूसरी शादी की साजिश में पत्नी की हत्या, पति-सास समेत सात गिरफ्तार

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र स्थित कारीपहाड़ी जंगल में 30 जनवरी को एक अज्ञात महिला का अर्द्धजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह एसपी डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

एसआईटी ने एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट और तकनीकी टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान डुमरी थाना क्षेत्र से 28 जनवरी 2026 को लापता शाहिना प्रवीण का मामला सामने आया, जिसके बाद परिजनों की मौजूदगी में शव की पहचान कराई गई।

**पति और सास ने कबूली हत्या :** अर्द्धजले कपड़ों, शरीर पर पुराने निशानों और घटनास्थल पर मिली चूड़ियों के आधार पर मृतका की पहचान शाहिना प्रवीण (पति- जाबीर अंसारी, निवासी- चिनो, थाना- डुमरी) के रूप में हुई। मृतका के पिता ताहुल अंसारी के आवेदन पर बगोदर थाना में कांड संख्या 20/26 दर्ज कर बीएनएस की धारा 103(1), 238 और 3(5) के तहत हत्या कर शव जलाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति जाबीर अंसारी और सास जैबुन निशा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने




शाहिना की कारीपहाड़ी जंगल में हत्या कर पहचान छिपाने के लिए शव जला दिया।

**दूसरी शादी की नीयत से रची गई थी साजिश :** पुलिस पूछताछ में इस जघन्य हत्याकांड में सराफत अंसारी, वकील अंसारी उर्फ रॉकी, गुड्डु अली और दो किशोरों की संलिप्तता भी सामने आई, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पति जाबीर अंसारी दूसरी शादी करने की नीयत से पत्नी की हत्या की साजिश रच रहा था।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन, मृतका के कपड़े-चूड़ियां, अभियुक्तों के पहने कपड़े, माचिस, बोतल और जुट का बोरा बरामद किया है। पूरे मामले के उद्भेदन में बगोदर-सरिया एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में बगोदर थाना प्रभारी विनय यादव, सरिया अंचल पुलिस, तकनीकी शाखा और रिजर्व गार्ड की अहम भूमिका रही। पुलिस आगे की विधिसम्मत कार्रवाई में जुटी है।



## ाालिनी गुप्ता सहित सैकड़ों ने थामा दामन, सियासी सरगर्मी तेज

**कोडरमा, एजेंसी।** गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कोडरमा पहुंचे, जहां आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शालिनी गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मुख्यमंत्री के आगमन पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस अवसर पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मैइया सम्मान योजना' के जरिए राज्य की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और उन्हें सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि झारखंड विकास की पटरी पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब विदेशी निवेशक भी राज्य में निवेश को लेकर रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेएमएम के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है, इसी विश्वास के कारण बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।शालिनी गुप्ता का राजनीतिक सफर कोडरमा में हमेशा चर्चा का विषय रहा है। पहले वह भाजपा से जुड़ी रहीं और 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए तीसरे स्थान पर रहीं। 2024 के चुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करीब 70 हजार वोट हासिल कर अपनी मजबूत राजनीतिक मौजूदगी दर्ज कराई।

## हादसा या खुदकुशी? छठी मंजिल से गिरने से बिल्डर अनुराग सरावगी की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में स्थित ब्लेयर अपार्टमेंट में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। अपार्टमेंट की छठी मंजिल से गिरने के बाद एक व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जाने-माने बिल्डर अनुराग सरावगी के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।



**पत्नी और बेटे गए थे चेन्नई :** मिली जानकारी के मुताबिक, घटना के समय अनुराग सरावगी अपार्टमेंट में अकेले थे। उनकी पत्नी और बेटा किसी काम से चेन्नई गए हुए थे। देर रात अचानक अपार्टमेंट परिसर में तेज आवाज सुनाई दी, जिससे वहां रहने वाले लोग बाहर निकल आए। जब लोगों ने नीचे देखा तो एक व्यक्ति गंभीर हालत में पड़ा हुआ मिला। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

**पुलिस ने शुरू की जांच :** सूचना मिलते ही सिटी एसपी पारस राणा, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि घायल व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी मौके पर पहुंची और जरूरी सबूत जुटाए।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों और हालात की बारीकी से जांच की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद ब्लेयर अपार्टमेंट और आसपास के इलाके में शोक और डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुराग सरावगी मिलनसार और सामान्य स्वभाव के व्यक्ति थे और उनके किसी विवाद की जानकारी भी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## देवघर में महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात की तैयारी

### पारंपरिक झांकी के साथ 'साइबर दैत्य' भी होगा; साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने की कोशिश

**देवघर, एजेंसी।** द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवरात्रि पर इस बार भी भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी की जा रही है। इस बार यह बारात पौराणिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेगी। मान्यता है कि शिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह होता है, जिसमें सिंदूरदान की परंपरा विशेष महत्व रखती है। यह परंपरा देवघर की शिव बारात को देशभर में अलग पहचान दिलाती है।



**झांकियों में पौराणिक पात्रों को दर्शाया जाएगा :** शिव बारात में हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न झांकियां शामिल होंगी। इनमें भूत-प्रेत, साधु-संत, देवी-देवताओं और पौराणिक पात्रों को दर्शाया जाएगा। इन झांकियों को तैयार करने का काम महाशिवरात्रि से लगभग एक माह पहले शुरू हो जाता है, जिसमें स्थानीय कलाकार, कारीगर और युवा भाग लेते हैं।

साइबर अपराधों से सतर्क रहने की दी जाएगी सीख

इस वर्ष की शिव बारात का मुख्य आकर्षण 'साइबर दैत्य' की झांकी होगी। इसका उद्देश्य बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल ठगी के प्रति लोगों को जागरुक करना है। यह झांकी एक गंभीर सामाजिक समस्या को धार्मिक और सांस्कृतिक मंच के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है, ताकि लोग साइबर अपराधों से सतर्क रह सकें।

**पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना :** शिवरात्रि पर देवघर में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं और शिव बारात में शामिल होते हैं। अनुमान है कि इस बार पांच लाख से अधिक श्रद्धालु देवघर आएंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। बारात मार्ग पर बैरिकेडिंग, पुलिस बल की तैनाती और निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित रहे।

**संस्कृति और सामाजिक संदेश का एक संगम :** देवघर की शिव बारात अब केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सामाजिक संदेश का एक संगम बन गई है। यह हर साल बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करती है।

## धनबाद के पलानी में नकली शराब बरामद



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पलानी गांव में उत्पाद विभाग ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब बरामद की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में जिला पुलिस बल का भी सहयोग लिया गया।

उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि पलानी स्थित शिवचरण महतो के घर में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब का भंडारण और कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उत्पाद सिपाहियों की टीम ने शिवचरण महतो के घर पर दबिश दी।

छापेमारी की भनक लगते ही शराब हटाने का प्रयास किया गया, जिसके कारण मौके पर अपेक्षित मात्रा में शराब नहीं मिल सकी। हालांकि, तलाशी के दौरान टीम ने घर से लगभग 18 से 25 लीटर नकली अंग्रेजी शराब बरामद की। उत्पाद अधिकारी जॉय हेंब्रम ने बताया कि बरामद नकली अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 20 से 25 हजार रुपए है। उन्होंने पुष्टि की कि मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जिससे गहन पूछताछ की जा रही है। उत्पाद अधिकारी ने यह भी बताया कि जिले में नकली और अवैध शराब का कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। विभाग ऐसे अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी अभियान चला रहा है।

## झारखंड में फिर ठंड बढ़ने की संभावना:अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट के संकेत

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में अगले 24 घंटों के दौरान ठंड बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार से राज्य में तापमान में गिरावट शुरू होगी और रात के समय ठिठुरन बढ़ेगी। सुबह के समय कुहासा छाने की भी संभावना जताई गई है। अगले तीन दिनों के भीतर रांची के न्यूनतम तापमान में करीब पांच डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।



राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह हल्के से मध्यम कुहासे का असर देखने को मिलेगा। बुधवार को राजधानी समेत राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शुक्रवार से आसमान साफ होने की संभावना है, जिससे सर्द हवाओं का प्रभाव और बढ़ेगा।

**सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियसम गुमला में रिकॉर्ड :** पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे का कोहरा/कुहासा देखा गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा एवं सरायकेला में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियसम गुमला में दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को सुबह में कहीं-कहीं पर हल्के दर्जे का कोहरा/कुहासा और बाद में आसमान मुख्यत साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे (2-3) डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

### हिमालय की बर्फबारी का दिख सकता है असर

रांची मौसम केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले 24 घंटों के बाद ठंड और बढ़ सकती है। न्यूनतम के साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी।

खूंटी, गुमला, पलामू, हजारीबाग और रामगढ़ में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। दक्षिणी जिलों पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम तथा खरसावां में भी न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। सुबह हल्का कोहरा और दिन में ठंडी हवाएं लोगों को ठंड का एहसास कराएंगी।

----

# पैसों के अभाव में आंगनबाड़ी में बच्चों को सेविकाएं उधार लेकर खिला रहीं

**गढ़वा, एजेंसी।** जिले में सरकार की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत छह माह से तीन वर्ष के बच्चों को पोषाहार उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सेविकाएं दुकान से उधार लेकर बच्चों को जुलाई माह से ही पोषाहार उपलब्ध करा रही हैं। जिले के 1354 आंगनबाड़ी केंद्रों में 49551 बच्चे अध्ययनरत हैं।

जिन्हें सात माह से पैसों के अभाव में पोषाहार सरकार की ओर से नहीं मिल पा रहा है। सेविकाओं के अनुसार सात माह में उधार लेकर सभी केंद्र मिलाकर करीब 44 करोड़ की पोषाहार उपलब्ध कराया जा चुका है। इतना ही नहीं उधार लेकर पोषाहार उपलब्ध कराने के बाद भी सेविकाओं को बाजार मूल्य से कम ही राशि सामग्रियों का निर्धारित किया गया है। जिससे सेविकाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विदित हो कि जिले में कुल नौ परियोजना है। जहां 1354 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जाता है।

आंगनबाड़ी कर्मचारी सभा के जिलाध्यक्ष सह आंगनबाड़ी केंद्र मेराल चरका पत्थर की सेविका विभा रानी ने बताया कि विगत जुलाई माह से पोषाहार का राशि नहीं मिली है। सात महीने में प्रति आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 33000 रुपए के लगभग राशि दुकानदार का बकाया है। जिस कारण अब दुकानदार उधार देने के लिए हाथ उठाने लगे हैं।



वहीं दूसरी विसंगति बाजार भाव के अनुसार सामग्री का राशि नहीं मिलता है। बाजार में सामग्री का दाम बहुत अधिक लगता है। जबकि सरकार द्वारा दाल 86 रुपए प्रति किलो, तेल 100 लीटर, चीनी 38 रुपए, बादाम दाना 110 रुपए, गुड़ 38 रुपए, चाना 53 रुपए प्रति किलो खरीदी के लिए राशि निर्धारित है। इतना ही नहीं एक महीने पोषाहार बनाने के लिए 100 रुपए जलावन का दिया जाता है। जबकि एक महीने पोषाहार बनाने के लिए 1000 रुपए से अधिक का जलावन खरीदना पड़ता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अभी तक आधे से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र में गैस सिलेंडर भी नहीं मिला है। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र तक चावल ले जाने के लिए किराया राशि भी नहीं मिलता है। यही बात आंगनबाड़ी केंद्र मेराल बाजार टोला की सेविका नागवंती देवी, मेराल छव आनाटोला की सेविका प्रभावती देवी, माधुरी टोला की सेविका सुषमा देवी, बाना राम बांध की सेविका सबिता देवी, लखेया मल्लाह टोला की सेविका तेतरी देवी ने भी बताया है। राज्य से स्वीकृति प्राप्त हो गई है : डीसी : उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि राज्य से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। जल्द ही पोषाहार का वितरण शुरू कर दिया जाएगा। वहीं सेविकाओं का बकाया राशि नवंबर माह तक भुगतान कर दिया गया है। शेष का भी जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा।

# नगर निकाय चुनाव में वार्ड पार्षद पद के 10 प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस, वार्ड नंबर 22 से सर्वाधिक 6 ने किया नामांकन वापसी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**साहिबगंज**। नगर निकाय चुनाव के तहत शुक्रवार को नामांकन वापसी की निर्धारित समय-सीमा समाप्त हो गई। इस दौरान नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 10 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। सबसे अधिक नाम वापसी वार्ड नंबर 22 से हुई, जहां से छह प्रत्याशियों ने चुनाव मैदान से कदम पीछे खींच लिए। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बने हुए हैं। वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन वापस लेने वालों में वार्ड नंबर 5 से जैनब खातून और शगुफ्ता खातून शामिल हैं, जबकि वार्ड नंबर 13 से इशरत परवीन ने नामांकन वापस लिया। इसी तरह वार्ड नंबर 22 से गोपाल कृष्ण भास्कर, संजीव कुमार चौधरी, अवधेश कुमार दुबे, विकास कुमार चौधरी, सुजीत पासवान और विक्रम कुमार जायसवाल ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। इसके अलावा वार्ड नंबर 24 से काजल कुमारी ने भी नामांकन वापस लिया है। नाम वापसी के बाद वार्ड नंबर 13 में चुनावी स्थिति स्पष्ट हो गई। इस वार्ड से दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें इशरत परवीन और बुशरा परवीन शामिल थीं। निर्धारित समय के भीतर इशरत परवीन द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद बुशरा परवीन एकमात्र प्रत्याशी रह गईं। इसके बाद निर्वाची पदाधिकारी नागेश्वर साव ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र से कुल पांच प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इनमें वार्ड नंबर 3 से संजू देवी, वार्ड नंबर 8 से रश्मि चोखानी, वार्ड नंबर 13 से बुशरा परवीन, वार्ड नंबर 16 से अमृता कुमारी और वार्ड नंबर 28 से पार्वती उरांव शामिल हैं। वार्ड नंबर 16 को छोड़कर अन्य सभी निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों को निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र सौंप दिया गया है। वार्ड नंबर 16 से निर्वाचित प्रत्याशी की अनुपस्थिति के कारण उन्हें प्रमाण पत्र शनिवार को प्रदान किया जाएगा।

# उपयुक्त ने जनता दरबार लगाकर सुने आमलोगों कि समस्या, किया समाधान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**साहेबगंज**। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैट्रिक–इंटर परीक्षा के चौथे दिन दोनों पालियों में 30 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**साहिबगंज**। मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के चौथे दिन शुक्रवार को जिलेभर में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। इस दौरान दोनों पालियों में कुल 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। प्रथम पाली में मैट्रिक परीक्षा के तहत उर्दू, बांग्ला एवं उड़िया विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 3524 परीक्षार्थियों का पंजीकरण था, जिनमें से 3501 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा में अर्थशास्त्र और लेखा विषय की परीक्षा ली गई। इस पाली में कुल 1175 परीक्षार्थियों के स्थान पर 1168 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। इस तरह इंटर परीक्षा में 7 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान केंद्रों पर आवश्यक निगरानी रखी जा रही है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अमला लगातार निगरानी बनाए हुए है।

### आज से तेज होगा चुनावी शोर, प्रत्याशियों को मिलेगा चुनाव चिन्ह

**साहिबगंज**। नगर परिषद चुनाव को लेकर शहर का सियासी माहौल अब पूरी तरह गरमाने वाला है। अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को सभी प्रत्याशियों को उनके-अपने चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतर जाएंगे। प्रतीक चिन्ह आवंटन के साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में चुनाव प्रचार तेज होने की पूरी संभावना है। शनिवार से साहिबगंज शहर में चुनावी शोर सुनाई देने लगेगा। अब तक प्रत्याशी सीमित स्तर पर घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे थे, लेकिन चिन्ह मिलने के बाद प्रचार में तेजी आएगी। पोस्टर, बैनर, नुक्कड़ सभाएं और डोर-टू-डोर संपर्क अभियान जोर पकड़ने लगेंगे। चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को साधने की रणनीति में जुट गए हैं। अध्यक्ष पद के साथ-साथ वार्ड पार्षद पद के उम्मीदवार भी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो चुके हैं। राजनीतिक गतिविधियों के बढ़ने से शहर का माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगने लगा है। प्रशासन की ओर से भी शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आने वाले दिनों में प्रचार के साथ-साथ राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी गतिविधियों में और इजाफा होने की उम्मीद है।

### सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट



**साहेबगंज**। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत शुक्रवार को माही येलो बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब बी के बीच मैच खेला गया। माही येलो ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। वहीं पहले नेताजी सुभाष सीसी बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.4 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अमित कुमार रविदास ने 50, अश्विन यादव ने 15 रन की पारी खेली। माही येलो जे गेंदबाज मणि भूषण ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही येलो की टीम 19 ओवर 3 विकेट के नुकसान पर 128 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत गई। मणि भूषण ने 42, अनाउल्लाह अंसारी ने 24 व राहुल राज ने नाबाद 31 रन की पारी खेली। नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब बी के गेंदबाज सोनू, अमित व आदित्य ने एक-एक विकेट लिए। माही येलो के खिलाड़ी मणि भूषण को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मोहन मुर्मू ने मणि भूषण को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग हयातुल्लाह व तारिक अनवर ने किया। जबकि स्कोरिंग श्याम रंजन ने किया। मौके पर टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम सहित अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि शनिवार को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब बनाम नार्थ कॉलोनी के बीच मैच खेला जाएगा।

### साहेबगंजः युवा समाजसेवी अनुराग राहुल ने केंद्रीय बजट को बताया 'विकसित भारत' की नींव, अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती

**साहेबगंज**। केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट का साहिबगंज के युवाओं और समाजसेवियों ने स्वागत किया है। साहिबगंज शहर के जाने-माने युवा समाजसेवी सह भाजपा बजट अभियान के जिला सह संयोजक अनुराग राहुल ने इस बजट को देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने वाला, रोजगारोन्मुख और पूरी तरह जनकल्याणकारी करार दिया है। अनुराग राहुल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट वर्तमान वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए इस बजट में विकास, स्थिरता और सामाजिक संतुलन का एक बेहतर समन्वय देखने को मिलता है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम है। समाजसेवी अनुराग राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

# नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन हेतु मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**साहेबगंज**। नगर निकाय आम निर्वाचन के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने शुक्रवार अ उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पुलिस लाईन परिसर में आयोजित मतदान पदाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बैलेट पेपर से मतदान कराने की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता की समीक्षा की। साथ ही उपायुक्त श्री सती ने उपस्थित मतदान पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में सजगता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है, ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को मतदान के दिन पूर्ण निष्ठा के साथ लागू करें। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज कुल 276 मतदान पदाधिकारियों को मतदान की प्रक्रिया, बैलेट पेपर के उपयोग, मतदाता पहचान तथा मतदान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुझू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

# शांतिपूर्ण तरीके से हुई मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**उधवा**। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) रांची के द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुक्रवार को उधवा प्रखंड क्षेत्र के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से हुई। जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में मैट्रिक परीक्षा में उर्दू व बांग्ला विषय की परीक्षा हुई। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट परीक्षा में अर्थशास्त्र व लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा के केंद्राधीक्षक नुसरत जहां ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 491 में से 489 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। साथ ही उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 52 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर दियारा के केंद्राधीक्षक गौर चंद्र मंडल ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 250 में से 245 उपस्थित हुए,जबकि 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर के केंद्राधीक्षक रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 220 में से 219 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय उधवा के केंद्राधीक्षक रौशन भगत ने बताया कि कुल 71 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। मौके पर दण्डाधिकारी अटल बिहारी भगत, सत्यप्रकाश भद्र, मनोज मंडल, पुलिस पदाधिकारी, शिक्षक ओमप्रकाश आर्य, अनिल प्रामाणिक, नाईम अख्तर, तारिक अनवर, अफलातून हुसैन, बीरबल प्रसाद, गजाधर यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# बोरियोः मदरसा नूरुल हुदा मैदान में 26 और 27 अप्रैल को होगा 'अजिमुस्सान इजलास ए आम', तारीखों का हुआ ऐलान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**साहेबगंज/बोरियो**। बोरियो स्थित मदरसा नूरुल हुदा के मैदान में शुक्रवार को 'बोरियो जमीयतुल फलाह लिलबनीन व कुल्लिया फातिमतुजजहरा लिल बनात कमेटी' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में न केवल संस्था का वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया गया, बल्कि आगामी दो दिवसीय भव्य धार्मिक सम्मेलन (इजलास) की तारीखों पर भी अंतिम मुहर लगा दी गई। कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 और 27 अप्रैल 2026 को दो दिवसीय 'अजिमुस्सान इजलास ए आम' का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम क्षेत्र की दीनी और शैक्षणिक प्रगति की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस दो दिवसीय इजलास की मुख्य विशेषता यह होगी कि इसमें देश के कोने-कोने से विख्यात आलिम-ए-दीन (इस्लामी विद्वान) शिरकत करेंगे। वे कुरान और हदीस की रोशनी में समाज को नेक राह पर चलने, आपसी भाईचारा बनाए रखने और शिक्षा (तालीम) के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। बैठक के दौरान पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए आम लोगों और कमेटी के सदस्यों के समक्ष संस्था का वार्षिक आय-व्यय (हिसाब-किताब) पेश किया गया। लोगों ने कमेटी के कार्यों की सराहना की और आगामी इजलास को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक की अध्यक्षता बनात के सदर कुर्बान अंसारी ने की। इस अवसर पर हुसैन अंसारी, अफजल अंसारी, मौलाना खुर्शीद अलम, मौलाना मंसूर आलम, गफ्फार अंसारी, तौहीद आलम, शरीफ अंसारी, अनवर हुसैन, फैयाज आलम, इंतेखाब आलम, आलमगीर अंसारी, गफूर आलम, हलीम अंसारी, मुजाहिद आलम, नसीम अंसारी सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग और कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

# राजमहल नगर पंचायतः वार्ड संख्या 14 में कफिरन बीबी की निर्विरोध जीत, जनता ने सर्वसम्मति से चुना अपना प्रतिनिधि

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**साहेबगंज/राजमहल**। नगर निकाय चुनाव की गहमागहमी के बीच राजमहल नगर पंचायत से एक बड़ी और सुखद खबर सामने आई है। वार्ड संख्या 14 से कफिरन बीबी (पति रियाज शेख) निर्विरोध पार्षद निर्वाचित हुई हैं। चुनावी मुकाबले से पहले ही उनकी इस निर्विरोध जीत ने पूरे क्षेत्र में चर्चा बटोरी है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान वार्ड संख्या 14 से कफिरन बीबी के पक्ष में जबरदस्त माहौल देखा गया। नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद यह स्पष्ट हो गया कि मैदान में उनके सामने कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं है। इसके परिणाम स्वरूप, निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उन्हें निर्विरोध विजेता घोषित किया गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह जीत कफिरन बीबी और उनके पति रियाज शेख द्वारा क्षेत्र में किए गए सामाजिक कार्यों और जनता के प्रति उनके जुड़ाव का परिणाम है। बिना किसी चुनावी संघर्ष के वार्ड की जनता ने सर्वसम्मति से उन्हें अपना नेतृत्व सौंपा है, जो क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और आपसी भाईचारे को दर्शाता है। निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद कफिरन बीबी और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। उन्होंने अपनी इस जीत के लिए वार्ड संख्या 14 की समस्त जनता का आभार व्यक्त किया है।

# बरहेटः मोरम नदी के तट पर झामुमो का वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित, ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**साहेबगंज/बरहेट**। प्रखंड क्षेत्र के पंचकठिया संथाली पंचायत अंतर्गत मोरम नदी, चुटिया पुल के समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रखंड समिति द्वारा वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच आपसी एकजुटता और समन्वय को मजबूत करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी, जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री मोनिका किस्कू, जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. नजरूल इस्लाम और जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम शामिल हुए। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया। इस समारोह की एक विशेष कड़ी सम्मान समारोह रही। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधानों (मांझी हड़ाम) को मुख्य अतिथियों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम प्रधान ग्रामीण व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनका सम्मान समाज का सम्मान है। साथ ही, झामुमो प्रखंड समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों को भी अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। प्राकृतिक छटा के बीच आयोजित इस वनभोज कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर भी अनौपचारिक चर्चा की। नेताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से कार्यकर्ताओं के बीच की दूरियां कम होती हैं और एक पारिवारिक माहौल बनता है, जो आने वाले समय में संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान, निमाय चंद्र शील, महेश साह, लुखिराम हेंब्रम, सुनिराम हांसदा, पुसा टुडू, शमीम अंसारी, गुंजन सिंघानिया, मोहम्मद अली, देव सोरेन, एजाज अंसारी, मिराज हक, मैनुल अंसारी, जयप्रकाश ठाकुर, बेला किस्कू सहित भारी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–आरईपी–ईएलबी–65गेट्स–26, दिनांक: 05.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: **एसडीएसटीई–आरईपी–ईएलबी–65गेट्स–26** के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा के तहत पुराने एवं जीर्ण–शीर्ण 65 इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों पर ईएलबी इक्विपमेंट का पुनरुद्धार एवं प्रतिस्थापन। **निविदा की किस्म:** खुली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,96,81,323.64, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 4,48,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 16.02.2026, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 05.02.2026, 16.19 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 02.03.2026, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-597/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: 01_2025–26_सर्विस, दिनांक: 04.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा, पिन–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **[वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा] क्रम सं. 1, ई–निविदा सं.: 01_2025–26_सर्विस, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल – ट्रैक आधारित रेल लुब्रिकेटर (1 किमी कैटेगरी का इलेक्ट्रॉनिक टाइप) की आपूर्ति, स्थापना, आरंभ और परिचालन के साथ साइट की ज़रूरत के अनुसार रेल लुब्रिकेटर के लिए लुब्रिकेंट की आपूर्ति, प्रति लुब्रिकेटर के लिए हर महीने कम से कम 20 केजी। पूरा सिस्टम हावड़ा मंडल के अधिकार क्षेत्र में 5 वर्ष के लिए आरडीएसओ तकनीकी विनिर्देश आईआरएस टी48 (नवीनतम का वर्शन 5) के अनुसार होना चाहिए (कुल–49 अदद)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 7,51,46,370.60, **बयाना राशि :** रु. 5,25,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 10,000/–, **समापन अवधि :** 66 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 27.02.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-588/2025-26


निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा के पशुशेड निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, 73% राशि निकासी के बावजूद अधूरे पड़े तीन निर्माण





**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)**। प्रखंड के डूमरचिर पंचायत अंतर्गत डूमरचिर पहाड़ गांव में मनरेगा योजना के तहत पशु शेड निर्माण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। तीन लाभुकों के पशु शेड चार वर्ष बाद भी अधूरे पड़े हैं।जबकि प्राक्कलित राशि का अधिकांश हिस्सा निकाला जा चुका है।ग्रामीणों ने बिचौलियों, वेंडरों व संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से राशि निकासी करने का आरोप लगाया है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2021-22 से संचालित है। निकासी के अनुपात में नहीं हुआ निर्माण कार्य :- गांदे पहाड़िया के पशु शेड निर्माण की कुल प्राक्कलित राशि 1,50,676 रुपये है,जिसमें से 1,11,301 रुपये की निकासी हो चुकी है। नियमानुसार इतनी राशि निकासी होने तक लगभग 73 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए था।लेकिन धरातल पर 50 प्रतिशत भी कार्य पूरा नहीं हुआ है।निर्माण में केवल ईंट की दीवार खड़ी कर लकड़ी के सहारे एस्बेस्टस शीट लगा दी गई है। यही नहीं पशुशेड निर्माण में जो लकड़ी के मोटे-मोटे तख्ते लगाए गए हैं वह भी लाभुक के ही हैं, जबकि पशुशेड में फर्श व चारा खाने के लिए नाद का निर्माण नहीं किया गया है।वहीं लोकना पहाड़िया के पशु शेड की प्राक्कलित राशि भी 1,50,676 रुपये है जिसमें 1,10,039 रुपये की निकासी कर ली गई है। लेकिन स्थल पर केवल दीवार खड़ी कर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है।यहां फर्श, नाद तथा छत का कार्य भी नहीं किया गया।इसी प्रकार देवा पहाड़िया के पशु शेड की प्राक्कलित राशि 1,50,676 रुपये है, जिसमें 1,12,296 रुपये की निकासी कर ली गई है।इस पशु शेड में बिना लिंटन डाले ही एस्बेस्टस शीट लगा दी गई है।साथ ही फर्श व नाद का निर्माण भी नहीं किया गया है।नियमानुसार इतनी राशि निकासी होने तक तीनों पशु शेड में लगभग 73 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए था।लेकिन धरातल पर स्थिति कागजों से बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। तय मानकों की अनदेखी का आरोप :- मनरेगा योजना के तहत पशुपालकों को पशुओं के सुरक्षित रख-रखाव के लिए पशु शेड निर्माण कराया जाता है। निर्धारित मानकों के अनुसार मजबूत नींव, पक्की दीवार, समतल व मजबूत फर्श, टिकाऊ छत, पशुओं के चारा खाने के लिए नाद तथा जल निकासी की व्यवस्था अनिवार्य होती है। लाभुकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में इन मानकों की अनदेखी कर केवल खानापूर्ति की गई है।

**जांच और कार्रवाई की मांग** :- लाभुक गांदे पहाड़िया, लोकना पहाड़िया का कहना है कि अधूरे निर्माण के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की है।

**क्या कहते हैं बीडीओ** :- इस संबंध में बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना का तय समय पर पूर्ण नहीं होना गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि तीनों योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर कार्य की स्थिति एवं निकासी राशि की जांच की जाएगी संबंधित पदाधिकारियों से पूरी जानकारी ली जाएगी। जांच में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बालू लदा तीन ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**पाकुड़**। मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र में नियमित गश्ती के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ा। तीनों ट्रैक्टर बिना माइनिंग चालान के बालू ढो रहे थे। गश्ती दल ने मौके पर ही तीनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के बाद थाना प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता के निर्देश पर मामले की विधिवत प्रक्रिया पूरी करने के लिए जब्त ट्रैक्टरों को खनन विभाग को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्थर और बालू का अवैध परिवहन के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त अभियान चलाया जाएगा।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर एसडीपीओ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित



**पाकुड़** | आगामी नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निर्भीक एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को पाकुड़ एसडीपीओ दयानंद आजाद की अध्यक्षता में एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान थानावार दर्ज मामलों, लंबित कांडों तथा उनकी प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीपीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक का मुख्य फोकस नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर रहा। एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए पुलिस प्रशासन को पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहना होगा। जनवरी माह में दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए एसडीपीओ ने निष्पादित एवं लंबित कांडों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा रात्रि गश्ती व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, शराब एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने और सभी थाना क्षेत्रों में नियमित गश्ती सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसडीपीओ ने चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। बैठक में पुलिस निरीक्षक बबलू कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार, नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल कुमार, सिमलंग ओपी प्रभारी अरविंद कुमार, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की हुई विस्तृत समीक्षा

सोनवर्षा वाणी संवाददाता



**पाकुड़**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के सचिव एवं सदस्यों के साथ विस्तृत समीक्षात्मक बैठक कर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाली सामग्री के प्रमाणीकरण, अनुश्रवण तथा पेड न्यूज की रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान मीडिया में प्रसारित होने वाली सामग्री का निष्पक्ष एवं विधिसम्मत होना आवश्यक है। विज्ञापनों के प्रमाणीकरण कार्य के अतिरिक्त केबल नेटवर्क, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित सभी संचार माध्यमों का नियमित अनुश्रवण करेगी तथा संबंधित सामग्री का सीडी अथवा डीवीडी में रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू रहने की अवधि में निजी एफएम चैनलों सहित सभी टीवी चैनलों, रेडियो एवं केबल नेटवर्क पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक अथवा निर्वाचन प्रकृति के विज्ञापन संबंधित समिति की पूर्व अनुमति के पश्चात ही प्रसारित किए जा सकेंगे। प्रस्तावित विज्ञापन के आवेदन में विज्ञापन की प्रस्तुति लागत, प्रसारण की संख्या, प्रत्येक प्रसारण की दर एवं अनुमानित व्यय का विस्तृत विवरण देना अनिवार्य होगा। यदि विज्ञापन किसी अभ्यर्थी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति या संस्था द्वारा जारी किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति को शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा । अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में प्रकाशित अथवा प्रसारित सभी विज्ञापनों एवं पेड न्यूज से संबंधित व्यय विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उपायुक्त ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127 क के तहत किसी भी प्रकार के पैम्फलेट, पोस्टर, हैंडबिल अथवा अन्य प्रचार सामग्री में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम एवं पता अंकित होना अनिवार्य है। बिना अनुमति के प्रचार या मुद्रित होने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।उल्लंघन पर मुद्रक या संबंधित व्यक्ति को छह माह तक का कारावास अथवा दो हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है।भारतीय प्रेस परिषद द्वारा पेड न्यूज को ऐसी खबर या विश्लेषण के रूप में परिभाषित किया गया है, जो किसी प्रकार के भुगतान या प्रतिफल के बदले प्रकाशित अथवा प्रसारित किया जाता है। समिति द्वारा सभी समाचार पत्रों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल नेटवर्क, मोबाइल नेटवर्क तथा अन्य जनसंचार माध्यमों का अनुश्रवण करते हुए बताया गया कि विभिन्न टीवी चैनलों, रेडियो चैनलों एवं समाचार पत्रों के मानक रेट कार्ड प्राप्त कर लेखा दल को उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि विज्ञापनों के व्यय का सही आकलन किया जा सके। यदि किसी विज्ञापन अथवा पेड न्यूज से संबंधित व्यय अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत विवरण में दर्ज नहीं पाया जाता है, तो व्यय प्रेक्षक की सलाह से संबंधित अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पेड न्यूज से संबंधित सभी नोटिसों की प्रतिलिपि निर्वाची पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार आम जनता को भी उपलब्ध कराई जा सकेगी। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि मीडिया क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर सतत निगरानी रखें तथा नियमित प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध कराएं। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### नगरपालिका चुनाव : सामान्य प्रेक्षक व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण



सोनवर्षा वाणी संवाददाता

**पाकुड़**। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से संबंधित शिकायतों एवं सूचनाओं के प्राप्ति, पंजीकरण और उनके निष्पादन की व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत एवं सूचना का समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि नियंत्रण कक्ष में आने वाली शिकायतों को अविलंब संबंधित कोषांग और पदाधिकारियों तक प्रेषित किया जाए तथा उस पर की गई कार्रवाई की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। उपायुक्त ने आदर्श आचार संहिता के शत-प्रतिशत अनुपालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जा सके।

वहीं सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा ने कहा कि नियंत्रण कक्ष निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है, जहां से संपूर्ण चुनावी गतिविधियों की निगरानी की जाती है। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए तथा प्रत्येक सूचना को गंभीरता से लेते हुए उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध संसाधनों, संचार प्रणाली और अभिलेख संधारण व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

## मैट्रिक परीक्षा केंद्र का बीडीओ ने किया निरीक्षण

सोनवर्षा वाणी संवाददाता



**पाकुड़**। प्रखंड क्षेत्र के हाई स्कूल गढ़बाड़ी में शुक्रवार को बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने संचालित मैट्रिक परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने परीक्षा केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा परीक्षा कक्षों की स्थिति की जांच की। उन्होंने केंद्राधीक्षक और प्रतिनियुक्त कर्मियों से बातचीत कर परीक्षा संचालन से जुड़ी जानकारियां भी प्राप्त कीं। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि मैट्रिक परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा को कदाचारमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को भयमुक्त और अनुशासित वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल रहा है। शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संचालित हो रही है, जिससे परीक्षार्थी पूरी एकाग्रता के साथ अपनी परीक्षा दे सकें।

## ईस्टर्न रेलवे हावड़ा मंडल की पीएनएम बैठक संपन्न, पाकुड़ के प्रतिनिधियों ने रखी कर्मचारियों की समस्याएं

सोनवर्षा वाणी संवाददाता



**पाकुड़**। ईस्टर्न रेलवे हावड़ा मंडल की वर्ष 2026 की प्रथम त्रैमासिक पीएनएम (परमानेंट नेगोशिएशन मशीनरी) बैठक 4 एवं 5 फरवरी को संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा की ओर से शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे एवं शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने भाग लिया। बैठक में हावड़ा मंडल के अंतर्गत पाकुड़, अजीमगंज, कटवा, रामपुरहाट, बर्दवान, बैंडल एवं हावड़ा सहित विभिन्न शाखाओं के यूनियन प्रतिनिधियों के साथ केंद्रीय प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक हावड़ा तथा संबंधित वरिष्ठ मंडल स्तरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में रेलवे कर्मचारियों के कल्याण, सेवा शर्तों में सुधार एवं व्यवस्थागत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा कर्मचारियों से संबंधित पूर्व में उठाई गई मांगों पर विस्तृत विमर्श किया गया। बैठक में विद्युत विभाग (सामान्य) के कर्मचारियों को पोषाक भत्ता प्रदान करने के प्रस्ताव पर वरिष्ठ कार्मिक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, जिसे कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। इसके अलावा टीआरडी विभाग के टावर वैगन ड्राइवरों को 2400 ग्रेड पे में कार्यरत कर्मियों की कमी को देखते हुए प्रथम श्रेणी पास प्रदान करने के विषय पर भी अंतिम निर्णय लिया गया। इस संबंध में अब केवल क्षेत्रीय मुख्यालय कार्यालय कोलकाता से आदेश जारी होना शेष है। बैठक में पाकुड़ शाखा के अंतर्गत नलहटी, चतरा एवं राजग्राम स्टेशनों पर कार्यरत प्वाइंट्समैन की ड्यूटी अवधि को 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे करने के निर्णय को भी अंतिम रूप दिया गया। इस संबंध में स्वीकृति प्राप्त करने हेतु मुख्य कार्मिक पदाधिकारी, कोलकाता को पत्र भेज दिया गया है। यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णयों से रेलवे कर्मचारियों को राहत मिलेगी और कार्य वातावरण में सकारात्मक सुधार होगा। ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों की मजबूती से पैरवी करने का भरोसा जताया।

## सम्पूर्णता अभियान -2.0 कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोनवर्षा वाणी संवाददाता




**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)**। नीति आयोग के तत्वावधान में संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान–2.0 के सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण एवं पंचायत स्तरीय जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड लिट्टीपाड़ा अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित सभी सूचकांकों में संतृप्ति सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर कार्यरत मास्टर ट्रेनर्स को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि पंचायत स्तर पर सरकारी योजनाओं का प्रभावी एवं समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत लिट्टीपाड़ा प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों में अभियान से संबंधित गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण, बाल विकास , शिक्षा, कृषि एवं पशुपालन तथा पौष्टिक आहार से जुड़े प्रमुख सूचकांकों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है, जिससे निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा के भीतर प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।कार्यक्रम के दौरान जागरूकता डेस्क के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया तथा अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति को लेकर शपथ ग्रहण भी किया गया। इसके अलावा पोस्टर अभियान, रंगोली, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा सूचना–शिक्षा–संचार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अभियान से जोड़ा गया।कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका, जे एस एल पी एस की दीदियाँ, ए एन एम स्वास्थ्य सहिया, कृषक मित्र, जल सहिया सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश बेसरा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी. दास, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी राकेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य) ओमप्रकाश पांडे, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (शिक्षा) आतिश भट्टाचार्य, जे एस एल पी एस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जन्म जय बाउरी तथा सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा रामेश्वर मुर्मू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया निरीक्षण


सोनवर्षा वाणी संवाददाता



**महेशपुर (पाकुड़)**। प्रखंड अंतर्गत चंडालमारा पंचायत में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का शुक्रवार को बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास योजना, पीएम आवास योजना, पशु शेड योजना तथा बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवास सुविधा, आजीविका के साधन और स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं पशु शेड योजना के माध्यम से पशुपालकों को सुविधा प्रदान कर उनकी आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गांवों को हरित और स्वच्छ बनाने के लिए पौधारोपण कार्य को गति दी जा रही है। इस अवसर पर बीपीओ रिजवान फारूकी तथा आवास योजना के समन्वयक देवासीस दास भी उपस्थित थे। बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

सोनवर्षा वाणी संवाददाता



**पाकुड़**। आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रभावी निष्पादन के उद्देश्य से उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार के दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी शिकायतों की विधिवत जांच कराते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनता दरबार में जाति प्रमाण पत्र, गृह रक्षा वाहिनी की ड्यूटी, जाहेरस्थान से जुड़ी समस्याओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन और शिकायतें सामने आईं। शिकायतें सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की भौतिक जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों का निष्पादन समयबद्ध और प्रभावी ढंग से किया जा सके। जनता दरबार के आयोजन से आम लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोगों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

## मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0" अभियान के तहत् आज दो मामलों का हुआ सफल मध्यस्थता

सोनवर्षा वाणी संवाददाता



**पाकुड़**। जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडे के निर्देश में चले रहे मेडिएशन फॉर द नेशन 2.0" के तहत् आज दो मामलों का सफल सुलह समझौता कराया गया। मामला पाकुड़ व्यवहार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय में चल रहे मूल भरण पोषण वाद संख्या 201/2025 बाहा टुडू बनाम बाबूलाल हेंब्रम जिनका एक पुत्री भी है। एवं दूसरा मामला मूल भरण पोषण वाद संख्या 313/2025 सलमा खातून बनाम समीम कुरैशी जिनका चार पुत्री भी है। वर्षो से अलग रह रहे दोनों दंपतियों को प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक के अथक प्रयास से दोनों मामलों में पति पत्नी के बीच चल रहे आपसी मतभेद को समाप्त किया गया। दोनों मामलों में पति पत्नी ने आपसी मतभेद को भूलाकर एक साथ रहने के लिए राजी हुए। दोनो पक्ष एक दूसरे के भावनाओं का ख्याल करते हुए संसारीक जीवन व्यतीत करने भविष्य में किसी प्रकार का वाद-विवाद उत्पन्न नहीं करने मिलकर रहने का संकल्प लिया। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक के प्रयास से टूटता परिवार एक हो गए। इस टूटते रिश्ते को बचाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 का भूमिका एवं संबंधित दोनों पक्षों के अधिवक्ता का योगदान रहा। जिससे घर में खुशी लौट पाया। इस दौरान दंपति को एक साथ खुशी खुशी रहने मतभेद से बचने परिवार के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रजनीकांत पाठक ने दिया। मौके पर दोनों दंपतियों के परिजन, अधिवक्ता न्यायालय कर्मी उपस्थित रहें।



# वास्तु दोष हटाने के लिए जपें ये खास मंत्र

जब भी हम कोई काम करते हैं या नई शुरूआत करते हैं, तो ऐसे में हम कोशिश करते हैं कि किसी तरह की अड़चने न आए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब भी जीवन में परेशानी आती है, तो इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि आप वास्तु से जुड़ी चीजों का खास ध्यान रखना चाहिए, जिससे आपको किसी तरह की समस्या नहीं होगी। एस्ट्रोलॉजर और वास्तु एक्सपर्ट रिद्धि बहल ने कुछ खास मंत्रों के बारे में बताया है, जिसका उच्चारण करने से आपके जीवन की हर परेशानी और वास्तु दोष कम होगा। बस आपको उन सभी मंत्रों का उच्चारण सही तरीके से करना होगा।

### श्री गणेश मंत्र का करें जाप

ऊं गं गणपतये नमः मंत्र सिर्फ गणेश जी की पूजा के समय ही नहीं बल्कि आप परेशानी के समय भी जरूर करें। ऐसा कहा जाता है कि इस मंत्र के जाप से घर से घर से विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं। नए कार्यों में सफलता मिलती है, मानसिक शांति और सकारात्मकता बढ़ती है। साथ ही आपके घर या ऑफिस से वास्तु दोष दूर होता है। इसे आप रोजाना जाप कर सकती हैं।

### हनुमान बीज मंत्र का करें जाप

अगर आपको लग रहा है कि वास्तु दोष की वजह से आपके कार्य नहीं बन रहे हैं, तो ऐसे में आप ऊं हं हनुमते नमः के मंत्र का जाप करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा और बाधाओं से सुरक्षा प्राप्त होती है। घर-परिवार में पॉजिटिविटी बनी रहती है। साथ ही वास्तु दोष से जुड़ी समस्याएं भी कम होती हैं। इसलिए आप इस मंत्र को जरूर जाप करें।

### गायत्री मंत्र का करें जाप

अगर आपको लग रहा है कि ऑफिस या घर में वास्तु खराब होने की वजह से अशांति हो रही है, तो ऐसे में आप ऊ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं मंत्र का जाप करें। इससे घर में शांति, सुकून और दिव्यता बढ़ती है। पढ़ाई, काम, ध्यान और मानसिक फोकस मजबूत होता है। इसे आप रोजाना जप सकती हैं।

### मंत्रों को जाप करते समय इन बातों का रखें ध्यान

सुबह या शाम शांत में इनका जाप करें।
दीपक या अगरबत्ती जरूर जलाएं। इससे आसपास का माहौल अच्छा बना रहेगा।
108 बार (एक माला) जप करना उत्तम है।
एक ही मंत्र का निरंतर जप अधिक प्रभावी होता है।
साफ-सुथरे स्थान पर बैठकर श्रद्धा के साथ इन मंत्रों का जप करें।



## धन संबंधी समस्याएं होंगी कम

# मंगलवार को हनुमान मंदिर में करें ये चमत्कारी उपाय

**धन की कमी और आर्थिक संकट अक्सर व्यक्ति के जीवन में तनाव और परेशानियों का कारण बनते हैं। कई बार कड़ी मेहनत करने के बावजूद भी हम उतना पैसा नहीं कमा पाते कि घर की ज़िम्मेदारियाँ ठीक से निभा सकें या परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकें। ऐसे में यह भी संभव है कि हमारी ग्रह दशा खराब चल रही हो, जिससे हम आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हों।**

इस तरह की वित्तीय समस्या और संकट की स्थिति में अक्सर हम भगवान की शरण लेते हैं। यदि आप भी लंबे समय से पैसों की कमी से जूझ रहे हैं और कोई समाधान नहीं मिल रहा, तो आपको मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। हनुमान जी के उपाय और सच्ची श्रद्धा से की गई भक्ति आपके आर्थिक जीवन को सुधार सकती है। हनुमान जी को संकटमोचन इसलिए कहा गया है क्योंकि वे अपने भक्तों की हर तकलीफ़ को समाप्त कर देते हैं। मगर अपनी परेशानी हनुमान जी को बताने से पहले कुछ विशेष उपाय करना भी आवश्यक है।

### मंगलवार को हनुमान मंदिर में करें ये 6 चमत्कारी उपाय

धन की कमी से परेशान हैं, तो मंगलवार के दिन हनुमान जी के मंदिर जाकर आप यदि यह 6 काम करती हैं, तो काफी हद तक आपकी समस?या हल हो सकती है। चलिए पंडित जी से इन उपायों के बारे में जानते हैं-

### दीप दान करें

हनुमान जी को चमेली का तेल अति प्रिय है। मंगलवार की रात हनुमान मंदिर में जाकर आटे के 11 दीपक बनाएं। इन दीपकों में मौली की बाती डालें और चमेली के तेल से दीप जलाकर अर्पित करें। इससे हनुमान जी अति प्रसन्न होते हैं और आर्थिक कष्टों को दूर करते हैं।

### तुलसी के पत्तों पर लिखें जय श्री राम

मंगलवार को 21 तुलसी के पत्तों पर सिंदूर से जय श्री राम लिखें और हनुमान जी को अर्पित करें। यह उपाय हनुमान जी को अत्यंत प्रिय है और इससे आपकी मनोकामनाएं शीघ्र पूरी होती हैं।

### लाल ध्वज चढ़ाएं

मंगलवार को हनुमान मंदिर जाकर एक लाल रंग का ध्वज चढ़ाएं, जिस पर श्रीराम लिखा हो। यह हनुमान जी को अपना सर्वस्व अर्पित करने का प्रतीक है। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

### हनुमान जी की परिक्रमा करें

मंगलवार को हनुमान मंदिर में जाकर उनकी 3 बार परिक्रमा करें। इस दौरान जय श्री राम का जाप करें या हनुमान चालीसा का पाठ करें। इससे मानसिक शांति मिलती है और जीवन के संकट दूर होते हैं।

### सिद्ध शाबर मंत्र का जाप करें

सूर्योदय से पूर्व स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें और हनुमान जी की मूर्ति के सामने बैठकर सिद्ध शाबर मंत्र का 108 बार जाप करें। इस दिन ब्रह्मचर्य का पालन करें और भोजन में सात्विक लाल वस्तु जैसे लाल फल या हलवा का सेवन करें।

### हनुमान जी के सामने उठक-बैठक लगाएं

अगर जीवन में बार-बार आर्थिक समस्याएं आ रही हैं, तो मंगलवार को हनुमान मंदिर जाकर 21 बार उठक-बैठक लगाएं और अपने पिछले कर्मों की क्षमा मांगें। यह उपाय आपके जीवन की कई समस्याओं को समाप्त करने में सहायक होता है।
यदि आप लंबे समय से आर्थिक तंगी से परेशान हैं और सारे प्रयास विफल हो चुके हैं, तो मंगलवार को श्रद्धा और विश्वास के साथ इन उपायों को अपनाकर आप हनुमान जी की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। सच्चे मन से की गई प्रार्थना और नियमित आस्था से न केवल धन संबंधी समस्याएं कम होती हैं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मबल भी बढ़ता है। हनुमान जी के ये सरल उपाय आपके जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।





# क्या होता है जब शनि पहनते हैं चांदी के पाए?

## किन राशियों को होने वाला है साल 2026 में इससे लाभ

ज्योतिष शास्त्र में शनि देव की चाल और उनके पाए का विशेष महत्व माना गया है। जब भी शनि राशि परिवर्तन करते हैं तो वे अलग-अलग धातुओं के पाए पर सवार होते हैं जैसे सोना, चांदी, तांबा और लोहा। इनमें चांदी के पाए को सबसे शुभ और लाभकारी माना जाता है। चांदी शीतलता और शांति का प्रतीक है, इसलिए जब शनि चांदी के पाए पर चलते हैं तो वे अपने क्रूर प्रभाव को कम कर देते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। शनि का गोचर कई राशियों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आने वाला है जिससे जीवन में सुख-समृद्धि और स्थिरता आएगी। ऐसे में वृंदावन के ज्योतिषाचार्य से जानते हैं कि शनि द्वारा चांदी के पाए धारण करने से किन राशियों को लाभ होगा?

### क्या होते हैं शनि के चांदी के पाए?

ज्योतिष गणना के अनुसार, जब शनि किसी राशि से दूसरे, पांचवें या नौवें भाव में गोचर करते हैं तो उसे चांदी का पाया कहा जाता है। इसे रजत पाद भी कहते हैं। चांदी के पाए पर सवार शनि देव जातक को आर्थिक मजबूती प्रदान करते हैं। इस दौरान व्यक्ति के अटके हुए काम पूरे होने लगते हैं और घर में मांगलिक कार्य जैसे विवाह या संतान जन्म के योग बनते हैं। यह समय मानसिक शांति और पारिवारिक सुख के लिए सबसे उत्तम माना जाता है क्योंकि शनि की कठोरता यहाँ कम हो जाती है।

### किन राशियों को होगा लाभ?

**कुंभ राशि** - कुंभ शनि की अपनी राशि है। चांदी के पाए पर शनि का होना आपके लिए भाग्योदय लेकर आएगा। जो लोग लंबे समय से कर्ज या बीमारी से परेशान थे, उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। व्यापार में विस्तार के नए अवसर प्राप्त होंगे।
**मिथुन राशि** - मिथुन राशि वालों के लिए यह समय करियर में बड़ी छलांग लगाने वाला होगा। यदि आप विदेश जाने या उच्च शिक्षा की योजना बना रहे हैं, तो सफलता आपके कदम चूमेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**तुला राशि** - तुला राशि के जातकों के लिए शनि का यह गोचर निवेश से लाभ दिलाने वाला रहेगा। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। पारिवारिक विवाद सुलझेंगे और रिश्तों में मधुरता आएगी।

### शुभ प्रभाव को बढ़ाने के तरीके

सोमवार या शनिवार को चांदी की अंगूठी या चैन धारण करना लाभदायक होता है। नियमित रूप से शनि चालीसा पढ़ने से शनि देव प्रसन्न रहते हैं और नकारात्मकता दूर होती है। शनि देव न्याय के देवता हैं, इसलिए गरीबों और जरूरतमंदों को काला तिल, छाता या जूते दान करने से विशेष पुण्य मिलता है।





# इन दिनों में न करें गृह प्रवेश
## वास्तु के अनुसार हो सकते हैं ये नुकसान

नए घर को बनवाना और गृह प्रवेश करना हर किसी का सपना होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हर कोई अपने हिसाब से घर को तैयार करके उसमें रहने का सपना देखता है, लेकिन हमारी एक गलती से घर में नेगेटिविटी आ सकती है, जिसकी वजह से हमारी परेशानियां भी बढ़ सकती हैं। खासकर गृह प्रवेश करते समय सही दिन का ध्यान रखना। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर सही दिन में प्रवेश नहीं होता है, तो इसका प्रभाव हमारे घर पर नजर आता है ऐसे में आपको किन दिनों में नहीं करना चाहिए गृह प्रवेश इसकी जानकारी एस्ट्रोलॉजर और वास्तु शास्त्र एक्सपर्ट ने शेयर की है।

### कौन से दिन न करें ग्रह प्रवेश

एस्ट्रोलॉजर और वास्तु शास्त्र एक्सपर्ट के अनुसार, आपको कभी भी मंगलवार और शनिवार के दिन गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि यह दिन गृह प्रवेश के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। इसके अलावा आपको चतुर्थी, नवमी और चतुर्दशी व अमावस्या, पूर्णिमा तिथि को भी गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए। आप इसके अलावा अन्य तिथि और दिन का चुनकर उस दिन नए घर में प्रवेश कर सकती हैं। इसके बारे में आप चाहें तो अपने पंडित जी से भी जानकारी ले सकती हैं।

### गृह प्रवेश के लिए कौन के दिन होते हैं शुभ

एक्सपर्ट के बताए गए अनुसार, गृह प्रवेश के लिए सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार के दिन सबसे अच्छे माने जाते हैं। इसके अलावा शुक्ल पक्ष की द्वितीया, तृतीया, पंचमी, एकादशी और त्रयोदशी तिथि भी गृह प्रवेश के लिए शुभ मानी गई हैं। इसलिए आप इन तिथि पर अपने घर के गृह प्रवेश की पूजा रखकर नए घर में जा सकती हैं।

### गृह प्रवेश करते समय इन बातों का रखें ध्यान

- मुख्य द्वार पर तोरण, आम या अशोक के पत्ते, और बंधनवार लगाएं।
- दरवाजे पर स्वास्तिक और श्री का चिन्ह बनाना शुभ रहता है। इसलिए गृह प्रवेश से पहले इसे लगाएं।
- एक चौकी पर कुंभ, नारियल और गंगाजल रखें।
- घर के अंदर कदम रखने से पहले गौरी-गणेश का ध्यान करें।
- गृह प्रवेश के दिन अपने अनुसार दान करना चाहिए।
- गृह प्रवेश करते समय हर चीजों का ध्यान रखना जरूरी होता है। इससे घर में सकारात्मकता बनी रहेगी। साथ ही आपके परिवार में खुशहाली बनी रहेगी। इसके लिए आप चाहें तो अपने पंडित या एक्सपर्ट से सही दिन की जानकारी प्राप्त कर सकती हैं।



## अब दो थानेदार एक साथ हो गए निलंबित



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने के मामले में एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बड़ा कदम उठाया है। गुरुवार देर रात तुर्की थाना और पारू थाना के थानेदार को सस्पेंड कर दिया गया। दोनों अधिकारियों पर काम में भारी लापरवाही के आरोप हैं। जांच के बाद इन पर कार्रवाई की गई है।

**तुर्की थानेदार पर गंभीर आरोप–** तुर्की थाना के थानेदार संदीप कुमार महतो पर कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। एसडीपीओ वेस्ट-2 अनिमेष चंद्र ज्ञानी की रिपोर्ट और औचक निरीक्षण के बाद यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि थानेदार ने बिना किसी केस के एक व्यक्ति को थाने में बंद रखा था। इसके अलावा कोर्ट के वारंट और कुर्की के आदेश के बाद भी मामलों को लंबित रखा गया। इतना ही नहीं, बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम से जुड़े जब्त सामान की सही तरीके से सुरक्षा नहीं करने की लापरवाही भी सामने आई। इन सभी बातों को कर्तव्य के प्रति लापरवाही, काम में ढिलाई और संदिग्ध आचरण मानते हुए पीयूएनआई संदीप कुमार महतो को सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर सस्पेंड कर दिया गया है।

**पारू थानेदार पर हत्या केस में ढिलाई–** पारू थाना के थानेदार चंदन कुमार पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। थाना क्षेत्र के कोरिया निजामत गांव में 22 जून 2025 को जितेंद्र भगत की हत्या हुई थी। इस मामले में सात महीने बीत जाने के बाद भी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। न तो वारंट लिया गया और न ही इस दौरान किसी भी घायल का बयान दर्ज किया गया। इस तरह की गंभीर लापरवाही को देखते हुए पीयूएनआई चंदन कुमार को भी तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर सस्पेंड कर दिया गया है।

**एसएसपी ने क्या कहा–** एसएसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि दोनों थाना प्रभारी अपने कर्तव्य का सही तरीके से पालन नहीं कर रहे थे। आदेश के बावजूद लगातार गलतियां हो रही थीं। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए तुर्की और पारू दोनों थानों के थानेदारों को सस्पेंड किया गया है।

## ओम बिरला के स्वागत से पहले बिहार विधानसभा में दाग; कार्यक्रम से एक दिन पहले छज्जा गिरा




**पटना, एजेंसी।** विधान मंडल का गिरा छज्जा। कल बिहार विधानसभा स्थापना दिवस दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला। एक महीने से चल रही थी तैयारी। तैयारियों पर लगी बाट। 2 फरवरी से बिहार विधान मंडल में बजट सत्र चल रहा है जो लगभग पूरे महीने चलेगा। कल 7 फरवरी को बिहार विधानसभा स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर लिखो 1 महीने से तैयारी चल रही थी। इसी बीच एक घटना हुई। जितना विशाल भवन है उस हिसाब से यह घटना बहुत छोटी है, लेकिन कल जिस तरह से एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन होना है उसे हिसाब से यह घटना बड़ी है। बिहार विधानसभा के मुख्य द्वार के पास उपरी मंजिल का छज्जा अचानक टूट कर गिर गया। यह अलग बात है कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन अगर यह घटना 9:00 के बाद हुई होती तो निश्चित रूप से कई लोग इसमें घायल हो सकते थे। क्योंकि उसे समय बिहार विधानसभा के विधायकों का आना शुरू होता है और इस दौरान विधानसभा में मौजूद पत्रकार उनका बयान लेने के लिए इकट्ठा होते हैं। तो इस स्थिति में अगर घटना 9:00 के बाद हुई होती तो निश्चित रूप से आज एक बड़ी घटना विधानसभा में हो सकती थी। शनिवार को पहुंच रहे ओम बिरला कल शनिवार को बिहार विधानसभा का स्थापना दिवस है। इसका क्रम में विधायक और एमएलसी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद होंगे। छज्जा गिरने की घटना जो आज हुई है वह अगर कल होती तो निश्चित रूप से यह एक बड़ी घटना होती। छज्जा गिरने की इस घटना ने इस भवन के रखरखाव रखने पर एक सवाल खड़ा कर दिया है। विगत एक महीने से विधानमंडल मैं होने वाले बजट सत्र की तैयारी चल रही थी। पूरे कैंपस में सजावट और रंग रोगन के काम चल रहे थे। 2 दिन पहले विधानमंडल के अंदर सड़क के ऊपर फिर से सड़क की पीचिंग कराई गई है, ताकि सौंदरीकरण में किसी तरह की कोई कमी ना दिखे। ऐसे में आज अचानक छज्जा गिर जाना एक बड़ी बात है।

## ट्रक और टेंपो के बीच हुई भीषण टक्कर, तीन की मौत, तीन घायलों की हालत गंभीर



**सासाराम, एजेंसी।** रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र में खड़ारी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बीती मध्यरात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल महिला इलाज के दौरान दम तोड़ गई। हादसे से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान शिवसागर थाना क्षेत्र के भगवलिया गांव निवासी 25 वर्षीय सरोज कुमार बैठा और महेंद्र पासवान के रूप में हुई है, जबकि महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

**ट्रक और टेंपो में भीषण टक्कर–** जानकारी के अनुसार, बीती रात आठ लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर सासाराम लौट रहे थे। इसी दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई और कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। समाजसेवी रंजीत पटेल ने पुलिस को सूचित करते हुए घायलों को अपने निजी वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया, जिससे कई घायलों की जान बचाई जा सकी। हालांकि, इस क्रम में एक महिला घायलों ने सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**कई घायलों की स्थिति गंभीर–** चिकित्सकों के अनुसार, हादसे में घायल कुल पांच लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी पाकर घायलों के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंच चुके हैं। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**ट्रामा सेंटर की कमियां उजागर–** सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचे समाजसेवी रंजीत पटेल ने बताया कि रात्रि में ट्रामा सेंटर में कोई स्टाफ मौजूद नहीं था, जिससे सभी घायलों को आधे घंटे तक वाहन में ही इंतजार करना पड़ा। इसके बाद भी स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल के बेड तक पहुंचाया गया। रंजीत पटेल ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर सवाल भी उठाए हैं और इस घटना में उनकी लापरवाही की निंदा की है।

# मंदिर सूना और थाने में भगवान, 30 दिन से मालखाने में बंद राम-जानकी-लक्ष्मण की मूर्तियां

**छपरा, एजेंसी।** बिहार के छपरा जिले में एक अजीब स्थिति देखने को मिल रही है। यहां श्रद्धालु बिना भगवान की मूर्तियों के ही मंदिर में पूजा और आरती कर रहे हैं। ऐसा ही मामला सारण जिले के मशरक से सामने आया है, जहां थाना परिसर से सटे अतिप्राचीन राम-जानकी-शिव मंदिर से चोरी गई भगवान राम, माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण की मूर्तियां पिछले 30 दिनों से थाने के मालखाने में रखी हुई हैं। मंदिर में आने वाले भक्तों को इस वजह से काफी निराशा हो रही है।

**कानूनी प्रक्रिया में फंसी मूर्तियां–** इस बारे में मंदिर के पुजारी टुन्ना बाबा ने बताया कि बरामद की गई मूर्तियां अदालत के आदेश के बाद ही मंदिर को वापस मिल पाएंगी। उन्होंने कहा कि अभी कानूनी प्रक्रिया चल रही है, जिस वजह से देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण की मूर्तियां फिर से मंदिर में स्थापित की जाएंगी।



मंदिर में आरती करने आए भक्तों का कहना है कि चोरी के बाद पुलिस की कार्रवाई सराहनीय रही है, क्योंकि चोरी गई मूर्तियां और चोरों को सिर्फ सात दिनों के अंदर ही पकड़ लिया गया था।

**कैसे हुई थी चोरी–** बताया जाता है कि घने कोहरे और कुहासे के बीच 5 जनवरी को अज्ञात चोरों ने मंदिर के पीछे की कुंडी काटकर गर्भगृह से भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर ली थीं। चोर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे और उसकी हार्ड डिस्क भी साथ ले गए थे।

**एसआईटी ने की बरामदगी–** सारण के तत्कालीन वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर मढ़ौरा अनुमंडल के एसडीपीओ-2 संजय कुमार सुधांशु के नेतृत्व में एक एसआईटी बनाई गई थी। इस टीम ने पूर्वी चंपारण से चोरी गई मूर्तियां बरामद कर लीं और चोर गिरोह के तीन सदस्यों को भी गिरफ्तार किया। स्थानीय लोगों के अनुसार ये मूर्तियां करीब 200 साल पुरानी हैं।

**कौन-कौन गिरफ्तार–** पुलिस ने मशरक थाना क्षेत्र के तख्त टोला गांव निवासी स्वर्गीय चंद्रमा तिवारी के पुत्र अखिलेश तिवारी, पूर्वी चंपारण के केसरिया थाना क्षेत्र के गोपी छपरा गांव निवासी मोहन साहनी के पुत्र मुन्ना सहनी और भोपतपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव निवासी शंभू सिंह के पुत्र संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी हुई मूर्तियां भी बरामद की गईं। सोनू सहनी के घर से श्रीराम और लक्ष्मण की दो अष्टधातु मूर्तियां मिली थीं, जबकि राजन सहनी के फूस के मड़ई में जमीन के नीचे दबाई गई माता जानकी की अष्टधातु मूर्ति बरामद की गई थी।

**जल्द मूर्तियां लौटाने की मांग–** अब स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द मूर्तियों को मंदिर में वापस स्थापित कराया जाए, ताकि भक्त फिर से विधिवत पूजा-अर्चना कर सकें।

## पूर्व मध्य रेल चलाएगा 285 होली स्पेशल ट्रेनें:यात्रियों की सुविधा के लिए 1 से 22 मार्च तक परिचालन

**हाजीपुर, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 1 से 22 मार्च के बीच 1410 होली स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। इनमें से पूर्व मध्य रेल 285 स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। यह जानकारी पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। पूर्व मध्य रेल द्वारा चलाई जा रही ये 285 स्पेशल ट्रेनें यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेंगी। इन ट्रेनों का मुख्य उद्देश्य होली पर्व के दौरान होने वाली भीड़भाड़ को कम करना और यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाना है।




**रात 11:45 बजे दानापुर पहुंचेगी गाड़ी संख्या 09821–** गाड़ी संख्या 09821/09822 सोगरिया (कोटा)-दानापुर-सोगरिया स्पेशल ट्रेन कटनी, प्रयागराज छिवकी, छ्छ, बक्सर और आरा के रास्ते चलेगी। 09821 सोगरिया-दानापुर स्पेशल 28 फरवरी 2026 और 7 मार्च 2026 को सोगरिया से रात 11:10 बजे खुलकर अगले दिन रात 11:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09822 दानापुर-सोगरिया स्पेशल 2 मार्च 2026 और 9 मार्च 2026 को दानापुर से रात 1:15 बजे चलकर अगले दिन रात 1:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। यह ट्रेन डीडीयू में भी रुकेगी।

**गाड़ी संख्या 01667/01668–** गाड़ी संख्या 01667/01668 रानीकमलापति-दानापुर-रानीकमलापति स्पेशल इटारसी, जबलपुर, प्रयागराज छिवकी, डीडीयू और आरा के रास्ते संचालित होगी। 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल 27 फरवरी 2026 और 2 मार्च 2026 को रानी कमलापति से दोपहर 2:25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं, 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल 28 फरवरी 2026 और 3 मार्च 2026 को दानापुर से सुबह 11:15 बजे चलकर अगले दिन सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। यह ट्रेन भी डीडीयू में ठहराव लेगी।

**गाड़ी संख्या 01665/01666–** गाड़ी संख्या 01665/01666 रानीकमलापति-अगरतला-रानीकमलापति स्पेशल डीडीयू, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी और कटिहार के रास्ते चलेगी। 01665 रानी कमलापति-अगरतला स्पेशल 5 मार्च 2026 से प्रत्येक गुरुवार को रानी कमलापति से दोपहर 3:20 बजे खुलकर तीसरे दिन शाम 6:55 बजे अगरतला पहुंचेगी। वापसी में, 01666 अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल 8 मार्च 2026 से प्रत्येक रविवार को अगरतला से शाम 5:20 बजे रवाना होकर दूसरे दिन रात 10:25 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए तीसरे दिन शाम 4:35 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

**गाड़ी सं. 09525/09526–** गाड़ी सं. 09525/09526 हापा-नाहरलगुन-हापा स्पेशल (वाराणसी-बलिया-छपरा-हाजीपुर -बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 09525 हापा-नाहरलगुन स्पेशल 04.03.2026 से प्रत्येक बुधवार को हापा से होली स्पेशल के रूप में 00.40 बजे खुलकर दूसरे दिन 17.00 बजे हाजीपुर रूकते हुए तीसरे दिन 16.00 बजे नाहरलगुन पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 09526 नाहरलगुन-हापा स्पेशल 07.03.2026 से प्रत्येक शनिवार को नाहरलगुन से होली स्पेशल के रूप में 09.40 बजे खुलकर दूसरे दिन 07.15 बजे हाजीपुर रूकते हुए चौथे दिन 00.30 बजे हापा पहुंचेगी ।

यात्रीगण रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

## लखीसराय में पुलिस की तत्परता से टली बड़ी आपराधिक वारदात, तीन अपराधी गिरफ्तार



**मुंगेर, एजेंसी।** लखीसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी आपराधिक वारदात टल गई। नगर थाना पुलिस ने फायरिंग कर फरार हो रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी नशे की हालत में थे और भागने के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

**आपसी विवाद के बाद फायरिंग–** घटना नगर थाना क्षेत्र के संतर मुहल्ला की है। जानकारी के अनुसार, आपसी विवाद के दौरान एक युवक से मारपीट हुई, जिसके बाद आरोपियों ने फायरिंग की। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरातफरी का माहौल बन गया। किसी ने तुरंत इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी।

**पुलिस की तत्परता से पकड़ में आए आरोपी–** सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने भाग रहे आरोपियों की तलाश शुरू की। बायपास रोड के पास तीनों आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। भागने के प्रयास में तीनों गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

**आरोपियों का आपराधिक इतिहास जांच में–** एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आकाश उर्फ बौआ भी शामिल है, जो पहले से कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। अन्य आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

**साक्ष्य जुटाए और गहन छानबीन शुरू–** पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटा लिए हैं और मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है।

## किशनगंज में युवक ने की 10 शादियां:प्यार के जाल में फंसाकर पैसे ऐंठे, फिर छोड़ दिया

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में एक युवक को 10 लड़कियों से शादी कर धोखाधड़ी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। सदर थाना क्षेत्र के सिंधिया कुलामणि गांव के काशीपुर बलवा स्थित छलिया इलाके से युवक को बंधक बनाए जाने की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उसे छुड़ाया। पुलिस आरोपी को किशनगंज थाना ले आई। पुलिस पूछताछ में आरोपी फारूक ने बताया कि उसने अब तक 10 शादियां की हैं। वह लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाता था, शादी के नाम पर उनसे पैसे ऐंठता और फिर मारपीट कर छोड़ देता था।

**''मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, इसके कारण इतनी शादियां कीं''–** फारूक ने दावा किया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, जिसके कारण उसने इतनी शादियां कीं। उसने यह भी बताया कि उसकी सभी पत्नियां अपने मायके में हैं, जिन्हें वह मारपीट कर छोड़ चुका है। आरोपी के अनुसार, पकड़े जाने पर महिलाएं उसे मारती थीं, इसलिए वह ऐसा करता था। आरोपी ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि उसने हाल ही में ससुराल आकर 90,000 रुपये दहेज के रूप में लिए थे और शादी की थी। उसने स्वीकार किया कि उसने अपनी सभी शादियों में पैसे लिए थे।

**आरोपी ने कई परिवारों को ठगा –**स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी ने कई परिवारों को ठगा है। वह शादी का झांसा देकर लड़कियों का आर्थिक शोषण करता था। कई मामलों में मारपीट की शिकायतें भी सामने आई हैं। सदर थाना पुलिस आरोपी द्वारा की गई अन्य शादियों के बारे में भी जांच कर रही है। यह घटना किशनगंज जिले में महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी और अपराधों के बढ़ते मामलों को दर्शाती है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित परिवारों से संपर्क कर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

## एसएसबी जवान के बेटे को बीच सड़क पर गोली मारी

### दोस्त के जन्मदिन में जाते समय हमला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र में देर रात बदमाशों ने एक स्नातक के छात्र को गोली मार दी। घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान 18 वर्षीय शिवम कुमार के रूप में हुई है। शिवम के पिता उमेश कुमार अर्धसैनिक बल एसएसबी में जवान हैं और इस समय अररिया जिले में तैनात हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



**सुनसान जगह पर मारी गई गोली–** घटना अहियापुर थाना क्षेत्र के मुरादपुर दुल्लाह गांव की है। बताया जा रहा है कि शिवम कुमार अपने दोस्त के बर्थडे की पार्टी में जा रहा था। इसी दौरान वह सुनसान जगह पर लीची गाछी के पास रुका, तभी बदमाशों ने पिस्टल सटाकर उसके पेट में गोली मार दी। वारदात के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। गोली लगते ही शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि वह होश में था और उसने खुद अपनी मां को फोन कर बताया कि उसके पेट में बहुत दर्द हो रहा है और जल्दी आने को कहा। इसके बाद परिजन और उसके दोस्त उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसके पेट से गोली निकाली।

**परिवार ने क्या बताया–** घायल छात्र की मां विभा देवी ने बताया कि बेटे ने फोन कर पेट में तेज दर्द होने की बात कही थी। जब वे वहां पहुंचे तो पता चला कि उसे गोली लगी है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। शिवम शहर के एलएस कॉलेज में पढ़ता है और हाल ही में उसने ग्रेजुएशन फर्स्ट पार्ट की परीक्षा दी है। शिवम दो भाइयों में बड़ा है। पूरा परिवार मूल रूप से सीतामढ़ी का रहने वाला है और फिलहाल बच्चों की पढ़ाई के लिए मुजफ्फरपुर शहर के शाहबाजपुर इलाके में किराए के मकान में रहता है। शिवम के पिता को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

**पुलिस का बयान–** इस मामले में एसडीपीओ टाउन टू बिनीता सिन्हा ने बताया कि घटना का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि घायल शिवम के पूरी तरह ठीक होने के बाद उसका बयान लिया जाएगा और फिर एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल छात्र खतरे से बाहर बताया जा रहा है। पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है और घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि हमलावरों का सुराग मिल सके।

# भागलपुर में हत्या के आरोपी की हथौड़ी-लाठी से पिटाई

### भीड़ ने 1 मिनट में 20 डंडे बरसाए, बेहोश होने तक पीटा

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में पैसे के विवाद में चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान एकवारी चौधरी (30) के तौर पर की गई है। भाई चुनना चौधरी और भतीजा अंकित कुमार घायल हैं। वारदात के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। पोल से बांधकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। आरोपी की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग लाठी-डंडे, लात-घूंसे बरसाते नजर आए। युवक को एक मिनट में करीब 20 बार डंडे से मारा गया है। भीड़ में शामिल एक युवक ने उसके सिर पर भी हथौड़े से मारा। जिसके बाद वो बेहोश हो गया। थाने से 150 मीटर की दूरी पर वारदात हुई। लेकिन, पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र के भीखनचक की है।

**ताड़ी के पैसे मांगने पर हत्या–** भागलपुर के सन्हौला थाना से महज डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर इतवारी चौधरी ताड़ी बेचने का काम करता था। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे श्रीचक निवासी वासुकी मंडल ताड़ी पीने पहुंचा। इतवारी ने ताड़ी देने से पहले रुपए मांगे, इसी बात पर वासुकी नाराज हो गया और विरोध करने लगा। हालांकि, बाद में उसने रुपए देकर ताड़ी खरीद ली। ताड़ी पीने के बाद वासुकी मंडल ने नशे में इतवारी चौधरी से गाली-गलौज की। उसने धमकी देते हुए कहा, तुम्हें देख लूंगा। इतना बोलने के बाद वो घर गया और अपने भाई जनार्दन मंडल के पास से चाकू लेकर लौटा और इतवारी के भतीजे अंकित पर चाकू से हमला कर दिया। भतीजे को बचाने पहुंचे इतवारी के सीने में उसने चाकू मार दी। जो सीने को चीरते हुए पीठ से निकल गई। इसके बाद आरोपी ने दोबारा पीठ पर चाकू से वार किया, जिससे इतवारी चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई।

**चाकू से 4 लोगों पर हमला किया–** मृतक के भतीजे अंकित ने बताया, कि दो लोग ताड़ी लेने आए थे। उन्होंने बिना पैसे दिए ताड़ी मांगी। जब हमने कहा कि पैसे लगेंगे, तो वासुकी ने



कहा कि तुम कौन होते हो, हम इलाके के रंगबाज हैं। इसके बाद उसने पैसा फेंका और ताड़ी लेकर चला गया। ताड़ी पीने के बाद वे पास में बैठे एक व्यक्ति से बातचीत करने लगे। आपसी विवाद बढ़ने पर जब हम लोगों ने बीच-बचाव किया तो उन्होंने गाली-गलौज की और चौक की तरफ चले गए। इसके बाद मामला शांत हो गया।

**हत्या से बौखलाई भीड़ ने पीटा–** हत्या के बाद आसपास के लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने आरोपी को पकड़ा और बेरहमी से पिटाई करने लगे। लोगों के हाथ जो लगा उससे पीटा। किसी ने लात-घूंसे बरसाए तो कोई लाठी से मारता नजर आया। इस दौरान आरोपी लोगों से हाथ जोड़कर जान की भीख मांगता रहा। भीड़ इतनी आक्रोशित थी कि जितनी बार वह हाथ जोड़ता, उतनी बार लोग उसे लाठी से पीटते रहे। पिटाई से वो बेहोश हो गया। लोग फिर भी नहीं माने, बेहोशी की हालत में भी पिटते रहे। इसके बाद उसे मरा समझकर लोग मौके से भागने लगे।

**भीड़ का फायदा उठाकर पुरानी दुश्मनी निकाली–** वासुकी मंडल की पिटाई का वीडियो सामने आया है, उसमें एक युवक विकास उसे हथौड़ी से मारता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि भीड़ का फायदा उठाकर विकास भाई के पुराने विवाद का बदला लेने की नीयत से वहां पहुंचा और उसनेउसने हथौड़े से वासुकी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वो बेहोश हो गया। इसके बाद दोबारा भीड़ उग्र हो गई।

**हथौड़ा मारने वाले को पोल से बांधा–** हत्या से नाराज लोगों ने जब विकास को हथौड़ से मारते देखा तो भीड़ फिर से उग्र हुई। लोगों ने विकास को भी पकड़कर एक बिजली के खंभे में बांध दिया। करीब डेढ़ घंटे तक ये सारा खून-खराबा चलता रहा, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले आरोपी वासुकी मंडल ने विकास के भाई पर चाकू से हमला किया था। वासुकी पर पहले से हत्या का प्रयास का मामला दर्ज है।

**परिवार को फंसाने के लिए हथौड़े से हमला–** मृतक के भाई संजय चौधरी ने बताया, 'वासुकी मंडल ने मेरे भाई की चाकू मारकर हत्या की है। हम लोग गुस्से में थे, उसके साथ हल्की मारपीट कर रहे थे। इस बीच विकास वहां पहुंचा। उसने हथौड़े से उसके माथे पर दो बार हमला किया, जिससे वो बेहोश होकर गिर पड़ा।

**हत्या के आरोपी की हालत गंभीर–**पिटाई के बाद वासुकी मंडल की हालत गंभीर है। वो आईसीयू में है। इधर, इतवारी की हत्या के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे के शव से लिपटकर मां रोती रही। बार-बार यही कहती रही थी, हम बेटा किसको कहेंगे। पत्नी भी बार-बार बेहोश हो रही थी। सन्हौला के प्रभारी थानेदार राजेश कुमार ने बताया कि हत्या के बाद मारपीट हुई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से राहत की उम्मीद, पर कई सवाल अब भी बाकी

पिछले कई महीने से अमेरिका की ओर से लागू शुल्क नीति के कारण जहां दुनिया भर में व्यापार युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो रही थी, वहीं भारत के सामने मुख्य चुनौती अपने लिए बेहतर विकल्प तलाश करने की थी। अब सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो कहा, उससे यही लगता है कि भारत और अमेरिका के बीच परस्पर हित पर आधारित एक समझौता आकार ले सकता है।ट्रंप ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर दावा किया कि अमेरिका-भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बनी है, जिसके तहत शुल्क को पचास फीसद से घटा कर अठारह फीसद किया जाएगा। दूसरी ओर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत भी इसी तरह अमेरिका के खिलाफ अपनी शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। दोनों देशों की ओर से ऐसी घोषणा को शुल्क के मसले पर महीनों से जारी तनाव के बाद अमेरिका और भारत की नीतियों में अब एक बड़े बदलाव का सूचक माना जा रहा है। हालांकि यह साफ होना बाकी है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता अंतिम तौर पर किस स्वरूप में सामने आता है और उसमें बनी सहमति कहां तक परस्पर हित सुनिश्चित करती है। मगर फिलहाल सामने आई खबरों के मुताबिक, अमेरिका ने जिस तरह शुल्क में कमी करने की बात कही है, उसके अमल में आने पर भारत को राहत मिल सकती है।दरअसल, कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर अमेरिकी नीतियों का असर पड़ना शुरू हो चुका था। इसके बावजूद भारत ने अमेरिका की ओर से जरूरत से ज्यादा सख्त शर्तों की वजह से समझौते के लिए सहमति देने को लेकर सावधानी बरती और इससे उपजी मुश्किल का विकल्प तलाशने की कोशिश जारी रखी। यही वजह है कि अमेरिका की ओर से शुल्क को पचास फीसद कर देने की घोषणा के बाद भी भारत ने रूस से तेल की खरीद जारी रखी। यों ट्रंप ने दावा किया है कि अब भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका से कहीं अधिक मात्रा में तथा संभावित रूप से वेनेजुएला से भी तेल खरीद पर सहमति जताई है। हालांकि भारत और रूस के बीच जैसे संबंध रहे हैं, उसके मद्देनजर यह देखने की बात होगी।

### डिजिटल युग में निजता की सुरक्षा बड़ी चुनौती

शीर्ष अदालत ने भी इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की जाती हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता। आज के तकनीकी दौर में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल हर किसी के लिए एक जरूरत बन गया है। ऐसे में डिजिटल सुविधाओं ने भले ही हमारे कई कार्यों को आसान बना दिया है और सूचना के प्रवाह को तेज कर दिया है, लेकिन इससे उपजे खतरों में निजता की रक्षा का मसला भी गंभीर है। अब ज्यादातर हाथों में स्मार्ट मोबाइल है और इंटरनेट की सुलभता ने सोशल मीडिया तक पहुंच को आसान बना दिया है।मगर, डिजिटल साक्षरता के अभाव में बहुत कम लोग यह समझ रखते हैं कि सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए वे जो निजी जानकारी संबंधित मंच के साथ साझा करते हैं, वह उनकी सहमति के बिना किसी तीसरे पक्ष को उपलब्ध कराई जा सकती है या उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसी तरह के एक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को 'मेटा प्लेटफार्म्स इंक' और 'वाट्सऐप' को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कहा कि कोई भी कंपनी या मंच निजी जानकारी साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते।गौरतलब है कि आज एक मोबाइल नंबर लेने से लेकर बैंक में खाता खुलवाने तक, हर जगह संबंधित व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी साझा करनी पड़ती है। कुछ मामलों में तो बायोमेट्रिक पहचान अनिवार्य है, अगर वह तीसरे पक्ष के हाथ लग जाए तो और भी कई तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं।यानी एक व्यक्ति की निजी जानकारी इतनी जगह चली जाती है कि वह तीसरे पक्ष के साथ कहां से साझा की गई, इसका पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है। सोशल मीडिया मंच पर भी यह जोखिम बना रहता है, क्योंकि ज्यादातर उपयोगकर्ता उनके नियम-शर्तों से अनभिज्ञ होते हैं।

*आज भारत नए प्रवेश के साथ आगे बढ़ने की बात करता है-डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है।*

## नारी देह, नारी अधिकारः माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

**(ललित गर्ग)**

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता। विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि 'माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है' इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है। न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके। माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल महिलाओं का मामला मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

## विवाह से क्यों कतराने लगीं कामकाजी युवतियां

**(क्षमा शर्मा)**

पिछले दिनों तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला दिया। हैदराबाद में एक व्यक्ति ने अदालत में अर्जी लगाई कि उसकी पत्नी नौकरीपेशा है, मगर न तो खाना बनाती है, न ही घर के कामों में उसकी मां, यानी अपनी सास की मदद करती है। उसका यह व्यवहार क्रूरता की श्रेणी में आता है, इसलिए इसे तलाक का आधार माना जाए। निचली अदालत ने उसकी अर्जी खारिज कर दी। वह व्यक्ति हाईकोर्ट पहुंचा। अदालत ने सारी दलीलें सुनने के बाद कहा कि आप एक बजे से रात 10 बजे तक काम करते हैं, जबकि आपकी पत्नी सवेरे नौ बजे से शाम छह बजे तक नौकरी करती है। इसलिए अगर वह सवेरे खाना नहीं बना पाती, तो इसे क्रूरता नहीं माना जा सकता। पति ने यह भी दलील दी कि पत्नी अक्सर अपने माता-पिता के घर रहने चली जाती है। उसके साथ नहीं रहती। इस पर भी अदालत ने याचिकाकर्ता को फटकारा कि उसके वक्तव्यों में विरोधाभास है। कभी उसने कहा कि पत्नी पांच महीनों तक उसके साथ रही, दूसरी बार कहा कि 21 महीनों की शादी में पत्नी बस दो-तीन महीने ही उसके साथ रही है। गर्भपात के बाद पत्नी का अपने माता-पिता के साथ रहना भी क्रूरता नहीं माना जा सकता। अदालत ने तलाक की उसकी मांग को खारिज कर दिया। अपने देश में यह अक्सर देखने में आता है कि जो महिलाएं घर चलाती हैं और नौकरी भी करती हैं, उनका जीवन तरह-तरह की कठिनाइयों से भरा रहता है। सुबह-सवेरे उठकर बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना, उनका नाश्ता बनाना, दोपहर का खाना बनाना, फिर दफ्तर की तरफ दौड़ना और वहां की आफतों को झेलना और यह भी सुनना कि महिलाएं कुछ काम नहीं करतीं, उनके लिए काफी कष्टदायी होता है। इन दिनों ऐसे वीडियो और रील की भरमार है, जिनमें सास, ससुर, ननद, अन्य नाते-रिश्तेदार स्त्रियों को यह ज्ञान बांटते दिखते हैं कि नौकरी करो या मत करो, घर के काम तो करने ही पड़ेंगे। घर में साथ रहने वाले सास, ससुर, अन्य नाते-रिश्तेदार सबकी देखभाल और उचित आतिथ्य की जिम्मेदारी बहू की ही है। वह थकान, अधिक काम या दफ्तर की किसी जरूरी मीटिंग में जाने की बात नहीं कह सकती। बहू या पत्नी के मतलब एक ऐसी कर्मचारी, जो किसी रोबोट की तरह चौबीस घंटे की नौकर है। घरेलू सहायिका को तो फिर भी हफ्ते में एक दिन छुट्टी देनी पड़ती है। उसकी खुशामद करनी पड़ती है, क्योंकि कहीं काम न छोड़ दे, लेकिन घर की स्त्री को यह अधिकार भी नहीं। विवाह का यह मतलब क्यों है कि कोई स्त्री बस रात-दिन काम करने, हर तरह की जिम्मेदारी उठाने और हर गलती अपने सिर लेने के लिए बनी है? बच्चे यदि कोई शरारत करें, उनसे कोई गलती हो जाए, तब भी सुनना पड़ता है कि कैसी मां है, बच्चों को कुछ नहीं सिखाया। कर्तव्य का सारा बोझ यदि पत्नी के ही सिर है, तो उसके कुछ अधिकार भी तो होंगे। कर्तव्य और अधिकार एक-दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरा नहीं चल सकता। अक्सर खबरें आती हैं कि किसी देश की जीडीपी को बढ़ाने में स्त्रियों का कितना भारी योगदान है। जितने काम एक स्त्री अपने बल पर निपटाती है, यदि उन सबके लिए खर्च करना पड़े, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी रकम खर्च होगी। यदा-कदा यह बात भी होती है कि घरेलू काम के लिए स्त्रियों को बाकायदा वेतन मिलना चाहिए, क्योंकि एक कामकाजी पुरुष को सप्ताह में एक दिन की साप्ताहिक छुट्टी मिलती है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | | | | | | |
| 2 | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | 7 | 1 | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 4 | | | | 7 | 1 |
| | | 4 | 2 | | 1 | 8 | | |
| 6 | 8 | | | | 7 | 5 | | |
| 1 | | 7 | | 6 | 9 | | 3 | |
| | | | | | 4 | | | 6 |
| | | | | | | 9 | | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

#### सुडोकू पहेली क्र. 5995

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 |

### वर्ग पहेली 5996

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 9 | 10 | | |
| | 11 | | 12 | | | | |
| 13 | | 14 | | 15 | | | 16 |
| 17 | | | 18 | | 19 | 20 | |
| | | 21 | | | | 22 | |
| 23 | | | | 24 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह विश्व का सबसे ऊंचा पठार है जिसे विश्व की छत भी कहा जाता है (3)
4. पश्चिमी भारत में स्थित एक राज्य है जहां का प्रसिद्ध व्यंजन खमण है (4)
7. फूल जैसा बदन या कोमल अंगों वाला या वाली (5)
8. शरीर पर काले रंग का गहरा दाग (2)
9. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है जिसे अंग्रेजी में रोज कहा जाता है (3)
12. अख्यात, अप्रसिद्ध, गुमनाम (3)
13. मैथिलीशरण गुप्त की एक प्रसिद्ध कृति, अयोध्या नगरी को यह भी कहते है (3)
15. किसी शरहर या कस्बे का प्रवेश स्थल (2)
17. खुदपरस्त, खुदगर्ज, स्वार्थी (4)
19. दरवेश, भिक्षुक, भिखमंगा (3)
21. लोहार का बड़ा हथौडा (2)
22. किसी फूल का अर्धविकसित रूप (2)
23. शिगाफ, दरज (3)
24. जलधि, उदधि, समुद्र (3)

**ऊपर से नीचे**

1. जुगाली, चर्वण, रोमंथ (3)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. एक वृक्ष के रस को पकाकर बनाया जाने वाला अत्यंत लचीला पदार्थ (3)
4. अस्पष्ट व धीर-धीरे बोलना या गाने की क्रिया यह कहलाती है (5)
5. पशुओं का दैनिक आहार, एक दिन की खुराक (3)
6. सात पातालों में से पहला, पेंदा (2)
10. खरी-खोटी, अपशब्द, बेहूदा बातें (4)
11. इशारा, इंगित, प्रतीक (3)
13. इस वेद से भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
14. तहखाना, जमीन के नीचे का बना कमरा (4)
16. बंसी या बांसुरी को यह भी कहा जाता है (3)
18. सपेरों का प्रसिद्ध वाद्य (2)
20. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)

#### वर्ग पहेली 5995 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ची | न | | वा | ल्मी | कि | | सी |
| फ | ल | दा | न | | शो | ध | क |
| मि | क | दा | र | | र | न | र |
| नि | | | | शं | कु | | |
| स्ट | डी | | | का | मा | य | नी |
| र | न | वे | | क | र | दा | ता |
| | | त | | र्ता | | क | |
| सा | ध | न | | | मै | दा | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी पूरा साथ देगा। इस दौरान आप खुलकर खरीदारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको ईमानदारी से काम करना होगा। आपके निजी संबंध प्रेमपूर्ण और प्रसन्नता दायक रहेंगे। पारिवारिक जीवन में आप रिश्तों को आप अच्छी तरह निभा पाएंगे। बच्चे और परिवार के सदस्यों की फरमाइश आप खुशी-खुशी पूरा करेंगे।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में दिन आपका अच्छा रहेगा। तकदीर भी आपका साथ देगी। कारोबार में विस्तार का योग बन रहा है। इससे आपको आर्थिक लाभ होगा। इस दौरान त्रिपक्षीय साझेदारी से भी लाभ मिलता हुआ दिख रहा है। निजी संबंधों में किसी तीसरे व्यक्ति के आने से रिश्तों में तनाव रहेगा। आज का दिन मनोबल में वृद्धि करने वाला रहेगा।

### मिथुन
आज आपको दूसरों से बहुत अधिक अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। दूसरों के सहारे बैठे रहेंगे तो जीवन संघर्ष में ही बीत जाएगा। व्यावसायिक मामलों में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ सकते हैं। इसे में आपके लिए जरूरी है कि अपनी सोच को स्पष्ट रखें। कार्यों में सफलता पाने के लिए आपको तेजी से फैसले लेने पड़ेंगे।

### तुला
आज आपकी किसी महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने का समय है। इससे आपको मानसिक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी। करियर में एक नए दौर की शुरुआत होगी। नए अवसर सामने आएंगे और आपको इसके लिए पहले से ही तैयार रहना होगा। लापरवाही से मौका आपके हाथ से निकल सकता है। आज आपको कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज निजी और व्यावसायिक मामलों में आपको सफलता मिलेगी। मुश्किल से मुश्किल कार्यों को आप आसानी से पूरा कर लेंगे। लव लाइफ भी आपकी खुशनुमा रहेगी। दिखावा करने वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। वहीं, खरीदारी करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। कार्यों को ईमानदारी से करने की कोशिश करें। विशेष रूप से आप अपनी वाणी और व्यवहार कुशलता का लाभ ले पाएंगे।

### धनु
आज आपको हर काम सतर्कता के साथ करना होगा। छोटी सी भी लापरवाही से कोई सुनहरा अवसर आपके हाथ से निकल सकता है। एक साथ कई बदलाव आपके लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। इस दौरान मकर राशि का कोई व्यक्ति आपके काम आएगा। अध्यात्म की तरफ भी आपका झुकाव रहेगा।आप अपनी व्यवहार कुशलता और वाणी कौशल से लाभ पाने में सफल होंगे।

### कर्क
आज निजी संबंधों को लेकर आपको सतर्क रहना होगा। आपको मतभेद का भी सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको जरूरत के समय परिवार के सदस्यों और दोस्तों से भी मदद नहीं मिलेगी। इससे आप थोड़े परेशान रह सकते हैं। आपके मुश्किल वक्त में वृश्चिक राशि का कोई व्यक्ति मदद के लिए आगे आएगा। आपको कल कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का मौका मिलेगा।

### सिंह
आज दिनभर ऊर्जावान रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रभाव से युवा वर्ग के कर्मचारी आपसे प्रोत्साहित होंगे। इस दौरान आपकी पुत्री अपने करियर को लेकर कुछ अहम फैसले ले सकती है। कुछ जातकों के निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। अपने अंदर की आवाज को सुने और उसे प्राथमिकता दें। सत्ता पक्ष और वरिष्ठ लोगों से भी आपको सहयोग और सम्मान मिलने का योग है।

### कन्या
आज आपको करियर में आपको नए अवसर मिलेंगे। सफलता पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आज के दिन अपनी भावनाओं को छिपाने की बजाय खुलकर व्यक्त करें। दूसरों की गलतियों को माफ करने की कोशिश करें। कोई भी फैसला लेते समय अपने दिन की आवाज को सुने।

### मकर
आज आपके जीवन में प्रसन्नता आएगी। किसी भी प्रकार के नकारात्मक विचारों को खुद से दूर रखें। ऐसा न करने पर आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। वहीं, मिथुन राशि के किसी व्यक्ति से आपको सहयोग प्राप्त हो सकता है। इससे आपके जीवन में प्रसन्नता आएगी। निजी जीवन में वादा करने से बचेंगे तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आज शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढने का मौका मिलेगा।

### कुंभ
आपको आज कार्यक्षेत्र में कोई लाभदायक अवसर मिल सकता है। साथी सहकर्मियों विशेष रूप से विपरीतलिंगी सहकर्मियों से आपको सहयोग मिलेगा। आपके लिए भाग्य कल कारोबार में लाभ का अवसर तैयार कर रहा है इसलिए आपको सजगता से अपने काम और अवसर पर ध्यान देने की जरूरत है। अच्छी बात यह भी है कि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो वहां आपके लिए लाभ का संयोग बनेगा।

### मीन
आज आपको हीनता और श्रेष्ठता के भाव से ऊपर उठकर कार्य करना होगा। निजी और व्यवसायी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। वरिष्ठ लोगों को आपसी सहायता की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में उनकी मदद के लिए आपको तैयार रहना होगा। पारिवारिक मामलों में अड़ियल रवैया न अपनाएं। आज का दिन करियर और कारोबार के लिहाज से भाग्यशाली रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., के.जी. आश्रम के पास, बिफोर मंदिर, गोसाईंडीह, गोविंदपुर रोड, धनबाद, झारखण्ड – 828112 में मुद्रित एवं वार्ड नं. 8, बांधपाड़ा, दुमका, झारखंड – 814101 से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com



# आलिया भट्ट साझा की दिल की बात

आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनके मुताबिक 2022 में मां बनने के बाद उनके अंदर कई बदलाव आए हैं। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि वह अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट करना चाहती हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्यों कहा है?

### सोशल मीडिया क्यों डिलीट करना चाहती हैं आलिया?

एस्क्वायर इंडिया से बातचीत में आलिया भट्ट ने बताया कि कई बार लगता है कि सोशल मीडिया से दूरी बना ली जाए और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दिया जाए। एक अभिनेत्री होने के नाते अभिनय ही असली पहचान है। लगातार ऑनलाइन मौजूद रहने का दबाव कई बार थका देता है। आलिया के मुताबिक कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मन करता है कि सारे सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिए जाएं। एक एक्ट्रेस के तौर पर जिया जाए।

### मां बनने के बाद हुए बदलाव

आलिया ने आगे कहा जब अपनी निजी जिंदगी को सबके सामने लाने की बात आती है, तो थोड़ा मुश्किल लगता है। मेरी फोटो एल्बम राहा से भरी हुई है। मुझे अपनी तस्वीरें लेने के लिए सच में बहुत मेहनत करनी पड़ती है। आलिया भट्ट ने यह भी बताया कि मां बनने के बाद उनमें कई बदलाव हुए हैं।

### आलिया भट्ट का परिवार

आपको बता दें कि आलिया भट्ट ने कई वर्षों तक रणबीर कपूर को डेट करने के बाद अप्रैल 2022 में शादी की। उनकी पहली बच्ची राहा का जन्म नवंबर 2022 में हुआ।

### आलिया भट्ट का वर्कफ्रंट

आलिया भट्ट जल्द ही संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाली हैं। इसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में होंगे। इसके अलावा वो यशराज फिल्म्स की अल्फा का भी हिस्सा हैं, जिसमें शरवरी वाघ और बॉबी देओल भी नजर आएंगे।



# रकुल प्रीत ने खोली बॉलीवुड में पेड पीआर की पोल

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने इंडस्ट्री में चल रहे पेड पीआर को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने पीआर कल्चर की भी असलियत के बारे में बात की। रकुल ने उन अभिनेताओं के बारे में भी बात की जो अपने काम की वजह से नहीं बल्कि पर्दे के पीछे होने वाले प्रचार की वजह से चर्चा में रहते हैं।

हम सभी को थोड़ा पीआर करना पड़ता है जूम टीवी के साथ बातचीत के दौरान रकुल प्रीत सिंह ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पैसे लेकर की जाने वाली पीआर पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग ऐसा क्यों करते हैं। रकुल ने कहा कि हम सभी को थोड़ा-बहुत पीआर करना पड़ता है। हमें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी पड़ती है। कुछ लोग तो दूसरों की बुराई करने तक चले जाते हैं। मेरा मतलब है, जीवन में आप कितने नकारात्मक हो सकते हैं? आप खुद से कैसे संतुष्ट हो सकते हैं? मेरा सबसे बड़ा सवाल यही है। मुझे लगता है कि अच्छे कर्मों का फल अच्छा ही मिलता है। अच्छा कर्म करने से ही फल मिलता है। मैं इसी सोच की हूं। मेरा दिमाग स्वाभाविक रूप से पीआर पर नहीं चलता।

### पैपराजी को लेकर की बात

अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें पैपराजी द्वारा तस्वीरें खींचे जाने की चिंता नहीं है। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरी मां कभी-कभी मुझे फोन करके पूछती हैं, 'तुमने क्या पहना है? इस महीने पाँचवीं बार तुम्हारी उसी जींस में तस्वीर खींची गई है।' तो लोग जब भी बाहर जाते हैं तो अच्छा दिखने की कोशिश करते हैं। पैपराजी यहां कैसे आ जाते हैं? कभी आप सजे-धजे होते हैं और कभी नहीं। यह ठीक है। इसलिए मुझे लगता है कि खुद पर इतना दबाव मत डालो।

### 'रामायण' के अलावा इन फिल्मों का हिस्सा हैं रकुल

वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आई थीं। वहीं उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में 'पति पत्नी और वो दो' है, जिसमें आयुष्मान खुराना और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा वह कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 3' में भी हैं। वहीं रकुल नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित मल्टीस्टारर मच अवेटेड फिल्म 'रामायण' का भी हिस्सा हैं। रणबीर कपूर की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में रकुल सूर्पनखा की भूमिका में नजर आएंगी। दो पार्ट में बनने वाली इस फिल्म का पहला पार्ट दिवाली 2026 पर रिलीज होना है।

# आदिवी शेष की 'डकैत' की बदली रिलीज डेट, 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' बनी वजह!




19 मार्च 2026 को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगी। क्योंकि इस दिन बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर: द रिवेंज' रिलीज होने वाली हैं। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इन्हीं फिल्मों के साथ 19 मार्च को आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत: एक प्रेम कथा' भी रिलीज होनी थी। लेकिन अब 'डकैत' के मेकर्स ने इस क्लैश से बचने के लिए अपनी फिल्म आगे बढ़ा ली है।

### अब 10 अप्रैल को होगी रिलीज

'टॉक्सिक' और 'धुरंधर: द रिवेंज' जैसी बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए 'डकैत' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 मार्च को रिलीज होने वाली 'डकैत' अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फैसले की वजह 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' जैसी फिल्मों की क्लैश से होने वाले नुकसान से बचना है। ताकि 'डकैत' लंबे समय के लिए सिनेमाघरों में बनी रहे और दर्शक जुटाती रहे।

# दामिनी वाले अंदाज में लौटे सनी देओल, अक्षय खन्ना से होगा मुकाबला



**1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' में एक साथ सनी देओल और अक्षय खन्ना नजर आए थे। अब 29 साल बाद दोनों एक साथ कोर्ट रूम ड्रामा मूवी 'इक्का' में साथ नजर आने वाले हैं। जिसकी खास झलक आज जारी की गई है। जिसे देखने के बाद फैंस बहुत उत्साहित हैं।**

ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स ने एक इवेंट में अपने इंडिया प्लान की घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज से पर्दा उठ गया है। इसी के साथ यह भी पता चला है कि सनी देओल ओटीटी पर धाक जमाने आ रहे हैं। उनकी फिल्म 'इक्का' रिलीज होगी। इसमें वे वकील के रूप में नजर आएंगे।

### सनी देओल से भिड़ेंगे अक्षय खन्ना



सनी देओल अभिनीत फिल्म 'इक्का' में अक्षय खन्ना भी नजर आएंगे। फिल्म 'दामिनी' में सनी देओल ने वकील की भूमिका दमदार तरीके से अदा की। उनके डायलॉग आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं। कुछ इसी अंदाज में एक बार फिर उन्हें देखा जा सकेगा। वहीं, 'धुरंधर' में रहमान डकैत की भूमिका से दर्शकों का दिल जीतने के बाद अक्षय एक बार फिर नेगेटिव रोल में नजर आएंगे।



# 'धुरंधर द रिवेंज' में हुई यामी गौतम की एंट्री?

**'धुरंधर: द रिवेंज' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है, लेकिन लोगों ने इसकी काफी आलोचना की, क्योंकि इसमें पहले भाग के क्लाइमेक्स सीन ही ज्यादा दिखाए गए हैं। वहीं ताजा जानकारी के अनुसार 'धुरंधर' के सीक्वल में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं?**

खबर के अनुसार, यामी गौतम 'धुरंधर: द रिवेंज' में एक खास कैमियो रोल में नजर आएंगी। उनका किरदार एक्शन से भरपूर और कहानी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। यामी ने इस रोल के लिए लगभग 5 दिन की शूटिंग की है। हालांकि ये कैमियो है, लेकिन ये इतना खास और सरप्राइजिंग होगा कि दर्शक चौंक जाएंगे। यामी ने 'काबिल', 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक', 'ए थर्सडे', 'आर्टिकल 370', 'बाला' जैसी फिल्मों में दमदार रोल के अलावा हाल ही में 'हक' में भी सराहना बटोरी है।

पहली फिल्म 'धुरंधर' 2025 में सुपरहिट रही थी। अब इस सीक्वल में ज्यादा डार्क, एक्शन और प्रतिशोध की कहानी होगी। फोकस रणवीर सिंह के किरदार जसकिरत सिंह रंगी (जो हमजा के नाम से भी जाना जाता है) की असली पहचान और उसके अगले मिशन पर होगा। पहली फिल्म में रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) की मौत के बाद, अब हमजा बड़े साजिशकर्ताओं खासकर 'बड़े साहब' को पकड़ने की कोशिश करेगा। फिल्म में आर. माधवन (इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर अजय सान्याल) की भूमिका और बड़ी होगी। वो हमजा को एडवांस ट्रेनिंग देंगे। कुल मिलाकर, ये सीक्वल पहले से ज्यादा एक्शन और रिवेंज वाली होगी।

### विक्की कौशल आएंगे नजर?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल अपनी 2019 की फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' वाले किरदार मेजर विहान सिंह शेरगिल को फिर से निभा सकते हैं। निर्देशक आदित्य धर ने दोनों कहानियों के समय में फर्क होने के बावजूद 'उरी' का एक ट्रैक शामिल किया है। इसमें कुछ एक्शन सीन होंगे, लेकिन ये साफ नहीं है कि विक्की का किरदार रणवीर सिंह के किरदार से मिलेगा या नहीं। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में इस अफवाह को खारिज भी किया गया है।



# कंटेंट आधारित और सामाजिक रूप से जागरूक फिल्में करना पसंद है



भूमि पेडनेकर की वेब सिरीज 'दलदल' सिर्फ एक क्राइम-थ्रिलर कहानी नहीं है, बल्कि इसमें बचपन हुए ट्रॉमा पर भी बात की गई है। बातचीत में भूमि ने फिल्म में दिखाए गए वॉयलेंस और उसे दिखाने के उद्देश्य पर चर्चा की। इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में भी काफी कुछ साझा किया।

**पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर मेल एक्शन और वॉयलेंस ट्रेंड में रहा। ऐसे माहौल में आपकी सीरीज का वॉयलेंस कहां खड़ा होता है?**

सीरीज में वॉयलेंस है, लेकिन मैं इसे महिला बनाम पुरुष के नजरिए से नहीं देखती। मेरे लिए वॉयलेंस का कोई जेंडर नहीं होता। असली बात यह है कि कहानी में वॉयलेंस दिखाया क्यों जा रहा है ? यहां वॉयलेंस सिर्फ दिखावे के लिए नहीं बल्कि किरदारों की मनोवैज्ञानिक हालत और उनके भीतर के ट्रॉमा को समझाने के लिए है। जब किसी के अंदर इतनी घुटन हो तो प्रतिक्रिया भी तीखी ही होगी। ऐसे में दलदल का वॉयलेंस मुझे जरूरत के मुताबिक लगता है न कि बनावटी।

**क्या पर्सनल लाइफ में कभी कोई दर्दनाक अनुभव हुआ?**

जी हां। हम सबकी जिंदगी में कुछ न कुछ ऐसा जरूर होता है जो भीतर एक तरह का ट्रॉमा छोड़ जाता है। यह हमेशा बहुत बड़ा नहीं होता। कभी बचपन में कोई बुरा अनुभव हो जाए, कोई बैड टच हो, या स्कूल में किसी ने बुली कर दिया हो। उस समय हम आगे बढ़ जाते हैं, लेकिन हमारी बॉडी उस अनुभव को याद रखती है। वह याद हमारे शरीर में कहीं न कहीं दर्ज हो जाती है। औरत होने के नाते अगर कभी आपको खतरा महसूस हुआ हो, कोई आपको दूर से घूरता रहा हो, या किसी की मौजूदगी ने आपको असहज कर दिया हो, तो वह भी ट्रॉमा ही है।

**कठिन अनुभवों से बाहर आने में आपकी सबसे बड़ी ताकत कौन रहा?**

कठिन अनुभवों से बाहर आने में मेरे परिवार ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मैं खुद को बहुत लकी मानती हूं कि मेरे पास ऐसा परिवार है। स्कूल के दिनों में भी मेरे साथ कुछ बातें हुईं, लेकिन मैं हमेशा अपने माता पिता के पास जा सकती थी। वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। मुझे पता था कि वे बिना जज किए मुझे समझेंगे और संभालेंगे।

**आपको अक्सर सामाजिक मुद्दों वाली फिल्मों से जोड़ा जाता है। क्या यह टैग आपको सीमित करता है?**

हां, मेरी फिल्मों में अक्सर सामाजिक मुद्दे दिखाई देते रहे हैं और कुछ समय तक मुझे इस बात का डर भी था कि कहीं मुझे सिर्फ सामाजिक विषयों वाली फिल्मों का टैग न मिल जाए। पहले यह सवाल मुझे थोड़ा परेशान कर देता था क्योंकि लगता था कि शायद लोग मुझे एक ही तरह की फिल्मों में देखने लगेंगे। लेकिन आज मैं इस बात पर गर्व महसूस करती हूं। पहले मैं इस टैग से भागती थी पर अब मुझे एहसास है कि यह एक तरह की जिम्मेदारी भी है और मुझे वह जिम्मेदारी निभाने में खुशी होती है मैं ऐसे ही काम करना चाहती हूं। मुझे कंटेंट आधारित और सामाजिक रूप से जागरूक फिल्में करना पसंद है ऐसी कहानियां जिनमें कोई सार्थक बात हो... जो किसी की सोच को बदल सकें या कम से कम प्रभावित कर सकें। अगर मेरा काम किसी की सोच को थोड़ा भी आगे बढ़ा सके तो मेरे लिए यही सबसे बड़ा पुरस्कार है।

**किस तरह के किरदार और निभाने की इच्छा है?**

मैं एक पीरियड फिल्म करना चाहूंगी। मैंने अब तक कोई पीरियड फिल्म नहीं की और मैं हमेशा से इस जोनर के प्रति बेहद आकर्षित रही हूं। हमारे इतिहास में कई महान औरतें, नेता और नायिकाएं रही हैं जिनके बारे में जानकर लगता है कि उन किरदारों को निभाना कितना प्रेरणादायक होगा। स्वतंत्र भारत या उससे पहले के दौर की किसी मजबूत महिला पर आधारित कहानी में काम करना मुझे बहुत पसंद आएगा।

### इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए कौन सा बदलाव देखना चाहेंगी?

मैं हमेशा पे गैप के बारे में बात करती हूं क्योंकि मुझे लगता है कि हमारी इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए पे गैप अब भी बहुत ज्यादा है। खासकर पोस्ट पैंडेमिक इसका असर और भी बढ़ गया है और उसका पूरा बोझ औरतों को ही झेलना पड़ा है।मैं सच में उम्मीद करती हूं कि इसमें कुछ बराबरी आए। साथ ही मुझे लगता है कि महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को थिएटर में जितना स्पेस और अवसर मिलना चाहिए उतना अब नहीं मिल रहा। यह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।यह बदलाव सिर्फ इंडस्ट्री अपने आप नहीं ला सकती इसमें ऑडियंस की भी बड़ी भूमिका है। अगर ऑडियंस ऐसे कंटेंट को सपोर्ट करे तो महिलाओं के नेतृत्व वाली कहानियों को फिर से वह जगह मिल सकती है जिसकी वे हकदार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर हवाई अड्डे पर रनवे छूकर फिर आसमान में उड़ा विमान

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरूवार को इंडियन एयरलाइंस के विमान को पहले प्रयास में लैंडिंग छोड़कर वापस उड़ान भरनी पड़ी। मुंबई से जयपुर पहुंचा विमान दस मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा। इसके बाद पायलट ने दूसरे प्रयास में सुरक्षित लैंडिंग की। जानकारी के अनुसार, पायलट ने दोपहर 1:10 बजे लैंडिंग का प्रयास किया लेकिन रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। इसके बाद 1:21 बजे दोबारा विमान सफलतापूर्वक उतारा जा सका। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने में भी इसी तरह की घटना हुई थी।

### रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग मामले में 5 गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मशहूर फिल्मकार रोहित शेट्टी के मुंबई के जुहू इलाके में स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग के सभी पांच आरोपितों को मुंबई की एस्प्लानेड कोर्ट ने छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा दिया है। रोहित शेट्टी के आवास के बाहर एक फरवरी को तड़के चार राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस ने उसी दिन चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। पांचवे आरोपित आसाराम फासले को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार की आपूर्ति का आरोप है। उसे अन्य आरोपितों के साथ कोर्ट में पेश किया गया। जज ने आरोपितों को 11 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान, पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस घटना की जिम्मेदारी ली गई थी। आरोपित सिग्नल एप का इस्तेमाल करके संवाद करते थे। पुलिस ने चार आरोपितों की अधिकतम हिरासत और पांचवे आरोपित आसाराम फासले उर्फ बाबू के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपितों के तार लारेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य शुभम लोनकर से जुड़े हो सकते हैं।

### थाने के बाहर एक घंटे तक तड़पता रहा घायल युवक

**उदयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के उदयपुर में लूट की कोशिश के दौरान चाकू से घायल युवक थाने के सामने एंबुलेंस में करीब एक घंटे तक दर्द से तड़पता रहा, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं हुई। बाद में अस्पताल ले जाने पर उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, वह कृषि मंडी जा रहा था, तभी रेलवे लाइन के पास तीन बदमाशों ने उसे घेरकर लूट का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपितों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और फरार हो गए। आरोप है कि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने भेज दिया। थाने में रिपोर्ट लिखने में देरी होने से युवक एंबुलेंस में तड़पता रहा। मौत के बाद परिजनों ने डाक्टरों की कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है।

### दो नाबालिगों ने एआई से बनाई नौ लड़कियों की अश्लील फोटो, हिरासत में आरोपित

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में दो नाबालिग लड़कों ने नौ लड़कियों की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआइ) की मदद से अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर उसे कुछ वाट्सएप नंबरों पर प्रसारित किया। लड़कियों की शिकायत पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। पीड़िता को उसके मोहल्ले में ही रहने वाले एक लड़के ने उसकी और उसकी दो सहेलियों की एआइ से बनी अश्लील तस्वीरें भेंजी। पीड़िता ने लड़के का मोबाइल छीनकर चेक किया, तो पता चला कि ये तस्वीरें न केवल एआइ से बनाई गई थीं, बल्कि वाट्सएप के जरिए अन्य दोस्तों को शेयर भी की जा रही थी।

# बिना कारण अलग रहने पर पत्नी को गुजारा भत्ता नहीं, हाई कोर्ट ने परिवार न्यायालय के आदेश को रखा बरकरार

**बिलासपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण के संबंध में एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए कहा है कि यदि कोई महिला बिना किसी वैध कारण के अपने पति से अलग रहने का निर्णय लेती है, तो वह भरण-पोषण की हकदार नहीं होगी।

इस निर्णय में परिवार न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पत्नी को मासिक भरण-पोषण नहीं दिया जाना चाहिए।

यह फैसला वैवाहिक विवादों में कानूनी मानकों में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें न्याय का आधार केवल वैवाहिक संबंध नहीं, बल्कि आचरण भी महत्वपूर्ण होगा। यह मामला 27 जनवरी को बिलासपुर निवासी की दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की एकल पीठ ने कहा कि जब पति ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा नौ के तहत वैवाहिक अधिकारों की बहाली की मांग की थी, तब पत्नी अपने अधिकारों के तहत वैवाहिक जीवन को पुनः आरंभ करने के लिए घर लौट सकती थी। याचिकाकर्ता का विवाह फरवरी 2019 को हुआ था। कुछ दिनों बाद ही पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए अक्टूबर 2020 में पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

याचिकाकर्ता ने नवंबर 2020 को जेएमएफसी कोर्ट में मामला दायर किया, जिसे मार्च 2021 को खारिज कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की, उसे भी खारिज कर दिया गया। इस दौरान वह माता-पिता के साथ रह रही थी और परिवार न्यायालय से गुजारा भत्ता की मांग की थी।

## मलयालम अभिनेता मनियनपिल्ला राजू की कार से टकराई बाइक, पुलिस ने लगाया हिट-एंड-रन का आरोप

**तिरुवनंतपुरम , एजेंसी।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के त्रिवेंद्रम क्लब के पास गुरुवार रात एक सड़क दुर्घटना में हुई। इस दुर्घटना में वरिष्ठ अभिनेता मनियनपिल्ला राजू की कार एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और वे मौके से फरार हो गए। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक के पैर में फ्रैक्चर हुआ है, जबकि दूसरे का रीढ़ की हड्डी में चोट आ गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान तिरुवनंतपुरम निवासी 20 वर्षीय सूरज और निदेव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना गुरुवार रात करीब 9-30 बजे वेल्लायंबलम-वाझुथक्कड़ सड़क पर स्थित त्रिवेंद्रम क्लब के सामने हुई। टक्कर के बाद घटनास्थल से भाग गए अभिनेता राजू पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, त्रिवेंद्रम क्लब के अभिनेता मनियनपिल्ला राजू की कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी और फिर मौके से फरार हो गई। घटना के बाद राजू करीब दस घंटे तक लापता रहे। पुलिस ने दर्ज किया मामला पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद पुष्टि की कि वाहन राजू द्वारा चलाया जा रहा था। पुलिस ने अभिनेता मनियनपिल्ला राजू के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और घायलों की मदद न करने के कारण हिट-एंड-रन का मामला दर्ज किया है। भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने, जान को खतरे में डालने वाले लापरवाहीपूर्ण कृत्य और दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने से इनकार करने के लिए कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना के करीब 10 घंटे बाद अभिनेता राजू शुक्रवार सुबह पुलिस स्टेशन गए। राजू ने पुलिस को बताया, ÷मैं सड़क पार करने के लिए धीरे-धीरे कार चला रहा था तभी मोटरसाइकिल ने मेरी कार को टक्कर मार दी। मुझे एक आवाज सुनाई दी और मैंने किसी को गिरते हुए देखा। घटनास्थल से निकलने के बाद, मैंने एक व्यक्ति से संपर्क किया और उससे एम्बुलेंस की व्यवस्था करने को कहा। अभिनेता राजू ने पुष्टि की कि कार वही चला रहे थे और अपनी खराब सेहत के कारण वे घटनास्थल से चले गए। उन्होंने कहा, ÷मैं कैंसर का मरीज हूं और अब मुझे चिकनगुनिया भी हो गया है।

## बाइक पर जा रहे पुलिसकर्मी की बाघ ने ली जान, इलाके में दहशत

**दिबांग , एजेंसी।** रुणाचल प्रदेश के निचली दिबांग घाटी जिले में मोटरसाइकिल चलाते समय एक पुलिस कांस्टेबल को बाघ ने हमला करके मार डाला। मृतक की पहचान अरुणाचल प्रदेश पुलिस के हेड कांस्टेबल चिक्सेंग मानपुंग के रूप में हुई है। वह रेडियो ऑपरेटर के पद पर तैनात थे।





जब उन पर हमला हुआ तब वह दिबांग घाटी में अनिनी से अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है, क्योंकि राज्य में इस तरह के मामले बहुत कम होते हैं।

### दोपहिया वाहनों के चलने पर लगाई रोक

लोअर दिबांग वैली के पुलिस सुपरिटेंडेंट (एसपी) मनीष सौर्य ने बताया कि जानकारी मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। एसपी शौर्य ने बताया कि वन विभाग के साथ मिलकर अधिकारियों ने इस रास्ते पर दोपहिया वाहनों के चलने पर रोक लगा दी है। यह फैसला मयुडिया इलाके के पास बाघ देखे जाने की कई रिपोर्टों के बाद लिया गया है। यह इलाका सर्दियों में बर्फबारी के लिए मशहूर है और एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। रोइंग के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर मीटो रूमी ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले कुछ दिनों से, खासकर रात में राहगीरों ने सड़क पर या उसके पास एक बाघिन और उसके तीन बड़े हो रहे बच्चों को देखा है।

उन्होंने आगे बताया कि बाघों को दूसरी जगह ले जाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। खास उपकरणों से लैस एक्सपर्ट टीमें अभी ईटानगर में राज्य मुख्यालय से, साथ ही राज्य के तीन दूसरे टाइगर रिजर्व से रास्ते में हैं।

## ममता की केंद्र को दो-टूक: बीएसएफ का दायरा घटाओ, तभी फेंसिंग के लिए मिलेगी जमीन

**कोलकाता , एजेंसी।** बंगाल विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने (फेंसिंग) के लिए जमीन देना मुद्दा नहीं है, केंद्र की नीतियां बाधा बनी हुई हैं। ममता ने केंद्र सरकार के उस फैसले को मनमाना बताया, जिसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर कर दिया गया है। उन्होंने शर्त रखी कि केंद्र को सबसे पहले इस विस्तारित दायरे को वापस लेना होगा। केंद्र को संघीय ढांचे का सम्मान करना चाहिए। सुरक्षा के नाम पर आम लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बाधित नहीं किया जा सकता। भाजपा के असहयोग वाले आरोपों को खारिज करते हुए ममता ने कहा कि राज्य सरकार ने रेलवे, रक्षा और सेल जैसी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही पर्याप्त जमीन मुहैया कराई है। तंज कसते हुए कहा कि जो जमीन पहले ही दी जा चुकी है, केंद्र उस पर काम पूरा करके दिखाए, उसके बाद और जमीन की मांग करे।



## मुस्लिम आरक्षण को परमानेंट करेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर तीखा हमला बोलते हुए चुनौती दी कि अगर उसमें हिम्मत है तो राज्य में सरकार बनाकर दिखाए। उन्होंने यह टिप्पणी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उन पुराने बयानों के संदर्भ में की, जिनमें कहा गया था कि बीजेपी के सत्ता में आने पर तेलंगाना में अल्पसंख्यकों को मिलने वाला चार प्रतिशत आरक्षण खत्म किया जाएगा।

स्पीच के खिलाफ एक सख्त कानून लाने की तैयारी यह बातें रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में आयोजित जमीयत उलमा तेलंगाना की परामर्श बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने यह भी ऐलान किया कि राज्य में हेट स्पीच के खिलाफ एक सख्त कानून लाने की तैयारी की जा रही है और इसके मसौदे में मदद के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस सुदर्शन रेड्डी से अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को महबूबनगर में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नाबिन की रैली का जिक्र करते हुए कहा- आपने बुधवार को देखा कि दिल्ली से कोई महबूबनगर आया और क्या बोला।

# गुजरात में हुक्का और शराब पार्टी के दौरान छापा, 43 गिरफ्तार; मोबाइल फोन जब्त

**अहमदाबाद , एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक विला में आयोजित हुक्का और शराब पार्टी के दौरान पुलिस ने 43 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया और 38 महिलाओं को हिरासत में लिया। पार्टी स्थल से शराब की बोतलें, हुक्का, कारें और मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 2.3 करोड़ रुपये है।

अधिकारी ने बताया कि बुधवार आधी रात के समय विला में आयोजित शादी की सालगिरह पार्टी के दौरान कार्रवाई की गई। गुजरात में शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है।

पुलिस ने बताया कि मुंबई के एक व्यक्ति ने गुरुवार रात सानंद के पास अपने साले की शादी की 25वीं सालगिरह मनाने के लिए पार्टी आयोजित की। उसने करीबी दोस्तों को आमंत्रित किया था। छापेमारी के दौरान पार्टी में मौजूद 81 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।




अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने बताया, पार्टी में शामिल 43 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 38 महिलाओं को हिरासत में लेकर बाद में रिहा कर दिया गया। इन महिलाओं को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि शराब या मादक पदार्थों के सेवन की पुष्टि की जा सके। पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गुजरात निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## टायर फैक्ट्री में बायलर फटा, नौ महीने के मासूम समेत आठ झुलसे

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला स्थित मंगल कार्बन प्लांट में गुरुवार को टायर रीसाइक्लिग के दौरान बायलर फट गया। इस दुर्घटना में आठ मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें नौ महीने का एक मासूम बच्चा भी शामिल है। प्लांट में पुराने टायरों को गलाकर कार्बन बनाने का काम चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बायलर के भीतर दबाव बढ़ने या किसी तकनीकी खामियों के कारण यह विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। इस ब्लास्ट से निकली गर्म गैस और आग ने आसपास काम कर रहे मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जिसमें कई मजदूर 70 से 80 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं। विशेष रूप से नौ महीने के मासूम की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने प्लांट परिसर को सील कर जांच शुरू कर दी है।



# अवैध हिस्से पर चलेगा बुलडोजर, कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने की दी मंजूरी

**अहमदाबाद , एजेंसी।** साबरमती नदी किनारे मोटेरा गांव के तालाब की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए आसाराम आश्रम के अवैध हिस्से को ढहाया जाएगा। गुजरात हाई कोर्ट ने आसाराम आश्रम की याचिका गुरुवार को खारिज कर प्रशासन को अवैध अतिक्रमण हटाने की मंजूरी दे दी।



**सरदार पटेल खेल परिसर से कुछ ही दूरी पर है आश्रमः** याचिका में सरकार द्वारा शहर के मोटेरा क्षेत्र में भूखंड को कब्जा मुक्त करने के प्रयास के खिलाफ आपत्ति जताई गई थी। यह भूखंड नरेन्द्र मोदी स्टेडियम और निर्माणाधीन सरदार पटेल खेल परिसर से कुछ ही दूरी पर है। अदालत के इस फैसले से 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण का मार्ग प्रशस्त हुआ। सरदार पटेल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का विस्तार हो सकेगा। गुजरात सरकार व अहमदाबाद महानगरपालिका 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारी के लिए प्रयासरत है। दशकों पहले यह जमीन सीमित धार्मिक उपयोग के लिए दी गई थी याचिका के खिलाफ सरकारी वकील जीएच विर्क ने जस्टिस वैभवी नानवती की एकल पीठ को बताया कि यह यह अचानक की गई कार्रवाई नहीं है। आश्रम को नोटिस दिया व सुनवाई का पूरा मौका दिया गया। दशकों पहले यह जमीन सीमित धार्मिक उपयोग के लिए दी गई थी लेकिन, धीरे-धीरे अतिक्रमण करके आश्रम का विस्तार किया गया, इसे वैध नहीं ठहराया जा सकता। सरकारी वकील ने कहा कि जमीन इस शर्त पर आवंटित की गई थी कि इसका इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों और अनधिकृत निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा और अनुमति संबंधी शर्तों का सख्ती से पालन किया जाएगा लेकिन निरीक्षण से पता चला कि आवंटित क्षेत्र से कहीं अधिक व्यापक निर्माण और कब्जा हो चुका है। अहमदाबाद 2030 के राष्ट्रमंडल खेल की तैयारी कर रहा है और ओलंपिक के लिए दीर्घकालिक आकांक्षाओं को बढ़ावा दे रहा है, ऐसे में राज्य द्वारा भूमि को पुनः प्राप्त करने का प्रयास क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास के प्रयासों को बढ़ावा देता है। इसके बाद हाई कोर्ट ने आश्रम द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया।

## सूंघकर उर्वरक को बताया ड्रग्स

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के प्रशिक्षु आइपीएस अधिकारियों ने अपनी छवि चमकाने के लिए उर्वरक को एमडी ड्रग्स बताकर केस बना दिया और दो आरोपितों के साथ ही सिपाही को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

एसआइ ने उर्वरक को अनुभव (सूंघकर) के आधार पर बताया कि जब्त पदार्थ एमडी ड्रग्स ही है। सच्चाई तब सामने आई, जब जांच के दौरान कथित एमडी ड्रग्स दो बार की जांच में उर्वरक साबित हुई।

गलती छिपाने के लिए पुलिस अधिकारियों ने अब मुकदमे के निरस्तीकरण की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत कर दी है। इंदौर शहर के तेजाजी थाना पुलिस ने 26 फरवरी 2025 को दो लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों के पास से एमडी ड्रग्स की बरामदगी दिखाई।

इस मामले में आजाद नगर थाने के सिपाही को भी गिरफ्तार किया और दावा किया कि उसकी मदद से ही यह दोनों ड्रग्स बेच रहे थे। केस में मोड़ उस समय आया जब फोरेंसिक जांच में जब्त पदार्थ पोटेशियम नाइट्रेट निकाला। हैदराबाद के सीएफएसएल लैब ने भी जब्त पदार्थ को पोटेशियम नाइट्रेट ही बताया। इसके बाद पुलिस बैकफुट पर आई और सभी आरोपितों के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा निरस्त करने की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।

## बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी ढेर

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में 2021 में टेकुलुगुडम मुठभेड़ में 22 जवानों के बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी उधम सिंह गुरुवार को बीजापुर में मुठभेड़ में मारा गया। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम था। घटनास्थल से एक एके 47 और विस्फोटक बरामद हुए हैं। सुरक्षा बलों की माओवादियों के साथ चिन्नागेलूर जंगल में मुठभेड़ हुई। एसपी डा. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि माओवादी उधम सिंह दक्षिण बस्तर डिवीजन का सदस्य था। उसके मारे जाने के बाद एरिया कमेटी नेतृत्व विहीन हो गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पापाराव एकमात्र जीवित जोनल सदस्य है, जिसकी तलाश जारी है। एसपी जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इसके साथ ही साउथ सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 12 माओवादियों ने हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापसी की है। उन पर कुल 54 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वर्ष 2026 में 11 माओवादी ढेर हुए हैं। पुलिस के अनुसार, एक जनवरी 2024 से अब तक बीजापुर जिले में 888 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं।



## खास तकनीक पर काम कर रहा इसरोः डॉ. वी. नारायणन

**पुणे, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने गुरुवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी वर्तमान में दोबारा इस्तेमाल किये जाने वाले प्रक्षेपण यान (आरएलवी) की प्रौद्योगिकी के विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने रेखांकित किया कि इसका उद्देश्य भारत की सीमित लागत के साथ अंतरिक्ष गतिविधियों को अंजाम देना है। नारायणन ने पिंपरी चिंचवड स्थित डी वाई पाटिल इंटरनेशनल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह के दौरान संवाददाताओं से कहा कि यह कार्य प्रायोगिक चरण में है। इसरो प्रमुख ने 'स्पेसएक्स' जैसी निजी कंपनियों से मिल रही प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोबारा इस्तेमाल किये जाने वाले प्रक्षेपण यान अंतरिक्ष कार्यक्रम को अधिक लागत प्रभावी बनाते हैं।




# अंडर 19 वर्ल्ड कप के फाइल में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास

## बाबर आजम का रिकॉर्ड टूटा

**भारत ने इंग्लैंड को 412 का टारगेट दिया, अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर**

**हरारे (एजेंसी)।** अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल भारतीय क्रिकेट के भविष्य की एक झलक बन गया, जब महज 14 साल के ओपनर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बड़ा इतिहास रच दिया। इंग्लैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में 35 रन बनाते ही वैभव ने यूथ वनडे क्रिकेट में बाबर आजम का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया। इतना ही नहीं, 25 रन पूरे करते ही उन्होंने बांग्लादेश के अजीजुल हकीम को भी पीछे छोड़ते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वहीं भारत ने 9 विकेट पर 412 का लक्ष्य इंग्लैड को दिया था।

### बाबर आजम से आगे निकले वैभव सूर्यवंशी

इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में वैभव सूर्यवंशी का हर रन रिकॉर्ड बुक को बदल रहा था। जैसे ही उन्होंने 35 रन पूरे किए, वह यूथ वनडे क्रिकेट में बाबर आज़म से ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बन गए। खबर लिखे जाने तक वैभव के नाम यूथ वनडे में 1272 रन दर्ज हो चुके थे, जबकि बाबर आजम ने अपने यूथ करियर में 36 मैचों में 1271 रन बनाए थे। बाबर के खाते में इस फॉर्मेट में तीन शतक और आठ अर्धशतक थे, और उनका सर्वोच्च स्कोर 129 रन रहा।

### सबसे कम उम्र में सबसे बड़ी उपलब्धि

वैभव सूर्यवंशी की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने यह रिकॉर्ड सिर्फ 14 साल की उम्र में हासिल किया है। इतनी कम उम्र में इस तरह की निरंतरता और बड़े मंच पर प्रदर्शन करना उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि वैभव का तकनीकी संतुलन और मानसिक मजबूती उन्हें आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट का बड़ा चेहरा बना सकती है।

### अजीजुल हकीम का रिकॉर्ड भी टूटा

फाइनल मुकाबले में वैभव ने एक और बड़ी छलांग लगाई। जैसे ही उन्होंने 25 रन पूरे किए, वह यूथ वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एक्टिव खिलाड़ियों की सूची में बांग्लादेश के अजीजुल हकीम से आगे निकल गए। वैभव ने खबर लिखे जाने तक 1262 रन पूरे कर लिए थे, जबकि हकीम ने 37 मैचों में 1261 रन बनाए थे। हकीम के नाम दो शतक और नौ अर्धशतक हैं, और उनका बेस्ट स्कोर 103 रन रहा है।

### 175 रन बनाकर आउट, 15 चौके और 15 छक्के लगाए

अंडर–19 वर्ल्ड कप फाइनल 2026 भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे यादगार लम्हों में शामिल हो गया, जब युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ शतक जड़कर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सिर्फ 14 साल की उम्र में वैभव ने न केवल फाइनल जैसे बड़े मंच पर शतक लगाया, बल्कि कई बड़े भारतीय और विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। उनकी निडर बल्लेबाज़ी ने यह साबित कर दिया कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। भारत ने 44 ओवर में 6विकेट खोकर 365 रन बना लिए थे।

### फाइनल में 55 गेंदों पर विस्फोटक शतक

इंग्लैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने 55 गेंदों में शतक पूरा कर इतिहास रच दिया। यह अंडर–19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की ओर से लगाया गया सबसे तेज शतक है। बड़े दबाव वाले फाइनल में इतनी आक्रामक बल्लेबाज़ी करना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता, लेकिन वैभव ने शुरुआत से ही अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने सटीक टाइमिंग, बेहतरीन फुटवर्क और आत्मविश्वास के साथ इंग्लिश गेंदबाज़ों को बैकफुट पर धकेल दिया।

### सबसे कम उम्र में फाइनल शतक

इस शतकीय पारी के साथ वैभव सूर्यवंशी भारत की ओर से अंडर–19 वर्ल्ड कप फाइनल में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज़ बन गए। 14 साल की उम्र में इस तरह का कारनामा उन्हें खास बनाता है। इससे पहले किसी भी भारतीय बल्लेबाज़ ने इतनी कम उम्र में फाइनल मुकाबले में तीन अंकों का आंकड़ा नहीं छुआ था। क्रिकेट विशेषज्ञों के मुताबिक, वैभव की यह उपलब्धि आने वाले वर्षों तक एक बेंचमार्क के तौर पर याद की जाएगी।

### एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड

वैभव की शतकीय पारी सिर्फ रन बनाने तक सीमित नहीं रही। अपनी इनिंग के दौरान जैसे ही उन्होंने पांचवां छक्का जड़ा, वह अंडर–19 वर्ल्ड कप के एक ही सीज़न में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज़ बन गए। उनकी पावर हिटिंग पूरे टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही। स्पिन हो या तेज़ गेंदबाज़ी, वैभव ने हर तरह के अटैक के खिलाफ बड़े शॉट्स खेलने की क्षमता दिखाई।

- **तकनीक और मानसिक मजबूती का बेहतरीन मिश्रण** – वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाज़ी सिर्फ आक्रामकता पर आधारित नहीं है। उनकी तकनीक संतुलित है और शॉट चयन काफी परिपक्व नजर आता है। फाइनल जैसे बड़े मुकाबले में उन्होंने धैर्य और आक्रमण का सही संतुलन बनाए रखा। यही वजह है कि क्रिकेट पंडित उन्हें उम्र से कहीं ज्यादा मैच्योर खिलाड़ी मान रहे हैं।

### प्लेइंग 11

- **भारत अंडर–19** – आरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (डब्ल्यू), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन
- **इंग्लैंड अंडर–19** – बेन डॉकिन्स, जोसेफ मूर्स, बेन मेयस, थॉमस रेव (विकेटकीपर/कप्तान), कैलेब फाल्कनर, राल्फी अल्बर्ट, फरहान अहमद, सेबेस्टियन मॉर्गन, जेम्स मिंटो, मैनी लम्सडेन, एलेक्स ग्रीन

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं

**नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले नागल**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।



नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद कहा, अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर पर 9 साल पुराना बैन हटाया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई के पूर्व प्रेसिडेंट अनुराग ठाकुर से लाइफ टाइम बैन हटा दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को अपने 9 साल पुराने फैसले को बदला है। उसमें ठाकुर को बोर्ड से दूर रहने को कहा गया था।

अब वे भारतीय क्रिकेट के संचालन में बोर्ड के कामकाज में शामिल हो सकेंगे। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है। बेंच ने यह भी साफ कर दिया कि अनुराग ठाकुर पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। साल 2017 में लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू न करने की वजह से अनुराग ठाकुर को पद से हटाया गया था। लोढ़ा कमेटी के नियमों में आयु सीमा और सरकारी पद जैसे कई कड़े प्रावधान शामिल थे।

**2017 में लगा था अनुराग ठाकुर पर बैन** – सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2 जनवरी, 2017 के फैसले के निर्देश 3 और 4 पहले ही वापस ले लिए गए थे। मौजूदा आवेदन केवल उन पर लगाए गए प्रतिबंध से संबंधित था।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

**हैकर्स ने आईडी बदली, मोनेटाइजेशन से आने वाले पैसे भी हड़पे; अलीगढ़ में एफआईआर**

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। साइबर ठगों ने रिंकू के फेसबुक की ईमेल आईडी बदलकर उससे होने वाली कमाई अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रिंकू के भाई सोनू की शिकायत के बाद मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया। सोनू ने शिकायत में कहा है कि ?रिंकू के फेसबुक पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं। वे काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त थे। इस वजह से सोशल मीडिया अकाउंट पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। सोनू ने बताया कि रिंकू ने 4 फरवरी को मुंबई से अपना फेसबुक एकाउंट लॉग इन किया।

# टी20 विश्व कप से एक दिन पहले भारत को बड़ा झटका

**स्टार तेज गेंदबाज राणा हुआ चोटिल**




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप से ठीक एक दिन पहले भारत को बड़ा झटका लगा है। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी सामने आई है। अभी आधिकारिक जानकारी आना बाकी है। हर्षित बुधवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के वार्म-अप मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम** – सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रित बुमरा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, ईशान किशन (विकेटकीपर)

### टी20 विश्व कप के लिए भारत का शेड्यूल

**7 फरवरी**– भारत बनाम यूएस (वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई)
**12 फरवरी**– भारत बनाम नामीबिया (अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली)
**15 फरवरी**– भारत बनाम पाकिस्तान (आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो)
**18 फरवरी**– भारत बनाम नीदरलैंड्स (नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद)

● टी-20 वर्ल्डकप, पाकिस्तान से मैच पर सूर्या बोले

# हम तैयार, खेलने से उन्होंने मना किया

● **हम कोलंबो जाएंगे, पाक ने मुकाबले का बॉयकॉट किया**

**मुंबई (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया का रुख स्पष्ट कर दिया। गुरुवार को मुंबई में कैप्टन्स डे के दौरान सूर्या ने कहा कि भारत मैच खेलेगा। सामने वाली टीम नहीं खेलना चाहती तो यह उनकी मर्जी है।

हमारा माइंडसेट बिल्कुल साफ है। हमने खेलने के लिए मना नहीं किया है, उधर से मना किया गया है। आईसीसी ने मैच का शेड्यूल तय किया है और हम खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारे टिकट बुक हैं और दिल्ली के बाद हम कोलंबो जा रहे हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू हो रहा है। 15 फरवरी को टीम इंडिया कोलंबो में पाकिस्तान से भिड़ने वाली है, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने इस मैच के बॉयकॉट का ऐलान कर दिया है।

**दो शहरों में कैप्टन्स डे**– टी-20 वर्ल्ड कप का कैप्टन्स डे आज दो अलग-अलग शहरों में आयोजित किया गया। मुंबई में भारत, अफगानिस्तान, कनाडा, इंग्लैंड, इटली, नामीबिया, नेपाल, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज के कप्तानों ने हिस्सा लिया।




**सूर्या बोले– ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी सहज**– मुंबई में बातचीत के दौरान सूर्यकुमार यादव ने टीम इंडिया के कोच ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर के असर को लेकर बात की। उन्होंने कहा, गंभीर ने टीम के भीतर जो माहौल बनाया है, वह काफी सकारात्मक है। ड्रेसिंग रूम का माहौल भी काफी सहज रहता है।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट**– भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। वहीं, श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिंहला स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

● पाकिस्तानी पीएम बोले-

# बांग्लादेश के साथ खड़े रहना सही फैसला

**भारत का बॉयकॉट सोच-समझकर किया; बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर बोले- थैंक यू, पाकिस्तान**



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच के बहिष्कार को सही और सोचा-समझा फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ मजबूती से खड़ा है।

एक फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने ङ्ग पोस्ट में भारत से मैच का बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। उसके बाद आईसीसी ने पीसीबी से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था। उसके बाद से पीसीबी का तो कोई बयान नहीं आया, लेकिन वहां के प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया कि पाकिस्तानी सरकार फैसला नहीं बदलने वाली है।

सरकार की बैठक के बाद शरीफ ने कहा- हमने टी20 वर्ल्ड कप पर बिल्कुल साफ रुख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेंगे, क्योंकि खेल के मैदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### पाकिस्तान ने 1 फरवरी को मैच का बॉयकॉट किया

1 फरवरी को पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट के जरिए भारत के खिलाफ मैच के बॉयकॉट करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने यह फैसला बांग्लादेश के सपोर्ट में लिया था, क्योंकि आईसीसी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत की बजाय अपने मैच श्रीलंका में कराने की मांग की थी। यह पूरा विवाद मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाए जाने के बाद शुरू हुआ।

# चीन से हारकर भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप से बाहर

**किंगदाओ (एजेंसी)।** पिछली चैम्पियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जिसे एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा।



# ऑस्ट्रेलिया को एक और बड़ा झटका, स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टी20 विश्व कप से बाहर

मेलबर्न (एजेंसी)। अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। आस्ट्रेलिया उनके विकल्प की घोषणा नहीं करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहले कहा था कि हेजलवुड टूर्नामेंट के बीच में या आखिर में टीम से जुड़ेंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में शनिवार से शुरू हो रहा है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर आठ चरण तक फिट हो जायेंगे लेकिन ताजा संकेत मिले हैं कि उसे फिट होने में समय लगेगा और जल्दबाजी करना जोखिमभरा हो सकता है। उन्होंने कहा, हम किसी विकल्प की तुरंत घोषणा नहीं करेंगे। बाद में जरूरत के समय देखा जाएगा। ग्रुप चरण में नाथन हिल्स और टिम डेविड उपलब्ध हो जाएंगे जबकि एडम जम्पा पहला मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया का नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच कल रात रद्द हो गया लेकिन 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच से पूर्व टीम के पास अभ्यास के लिए काफी समय है। ऑस्ट्रेलिया के सारे प्रारंभिक मैच कोलंबो और पाल्लेकल में होंगे। इससे पहले तेज गेंदबाज पैट कमिंस भी कमर की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे जिनकी जगह बेन ड्वारशुइस ने ली। मिचेल स्टार्क टी20 क्रिकेट को पहले ही अलविदा कह चुके हैं।

## न्यूज बाइट्स

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार घायल

**पथरगामा (गोड्डा) (नि. सं.)।** बारकोप मोड के समीप फोरलेन ओवर ब्रिज के पास दो अलग अलग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय की मदद से पथरगामा अस्पताल पहुचा गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। यह दुर्घटना हाईवा ट्रक ने साईड लेने में बाइक सवार को धक्का लग गया जिससे बाइक सवार फोरलेन सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हुए। दोनों घायल की पहचान बसंतराय थाना क्षेत्र के बेलडीहा ग्राम निवासी मोहम्मद मोईन एवं मोहम्मद अरशद के रूप में हुई है। घायल मोहम्मद मोइन ने बताया कि बेलडीहा ग्राम से गोड्डा काम से जा रहे थे। इसी दौरान फोरलेन ओवर ब्रिज बारकोप मोड के समीप दुर्घटना घटी। वहीं दुसरी दुर्घटना में महागामा निवासी अजय कुमार दास और सीटू दास घायल हो गए। इनका भी इलाज पथरगामा अस्पताल में किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पथरगामा थाना को दी। सूचना मिलते ही पथरगामा थाना के गश्ती दल के पदाधिकारी सभी घायल को उठाकर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरगामा ले गए। जहां चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर आम जनता के लिए प्रशासनिक अपील

**गोड्डा (नि. सं.)।** निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी, शराब अथवा किसी भी प्रकार की वस्तु का वितरण रिश्वत की श्रेणी में आता है और यह एक दंडनीय अपराध है। इसी को लेकर निर्वाचन अवधि के दौरान गोड्डा नगर परिषद एवं महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष उड़नदस्तों का गठन किया गया है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि उड़नदस्तों की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त करेगी और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगी। विशेष रूप से नकदी, शराब अथवा अन्य वस्तुओं के अवैध वितरण पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन के दौरान यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र में दो लाख रुपये से अधिक नकदी लेकर चलता है, तो उसे उस धनराशि के स्रोत और उसके अंतिम उपयोग से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बताया गया है कि जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को पैन कार्ड एवं उसकी प्रति (यदि उपलब्ध हो), व्यापार से जुड़े मामलों में व्यापार पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति, बैंक से नकदी निकासी को दर्शाने वाली बैंक पासबुक या बैंक स्टेटमेंट की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। वहीं नियमित नकद लेन-देन करने वाले व्यापारियों को कैश बुक की प्रति भी दिखानी होगी इसके अलावा यदि नकदी किसी विशेष कारण से ले जाई जा रही है, जैसे विवाह समारोह या किसी मरीज के अस्पताल में इलाज के लिए, तो उससे संबंधित दस्तावेज जैसे विवाह का निमंत्रण पत्र या अस्पताल में दाखिले से जुड़े प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने होंगे। इन दस्तावेजों के अभाव में उड़नदस्तों द्वारा नकदी जब्त की जा सकती है और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जिला आजीविका कन्वर्जेंस समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

निज संवाददाता | गोड्डा



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला आजीविका कन्वर्जेंस समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से मिलेट्स (श्री अन्न) संवर्धन, मखाना उत्पादन, बागवानी एवं फल उत्पादन, बरबट्टी मूल्य श्रृंखला, बांस संवर्धन, लेमनग्रास, बकरी पालन एवं कुक्कुट पालन, जैव इनपुट एवं बायो रिसोर्स सेंटर एवं सेरीकल्चर के संबंध में जानकारियां प्रदान की गई।

बैठक के दौरान कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में गोड्डा जिला में 3000-4000 एकड़ क्षेत्रफल में मिलेट्स उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चर्चा में शामिल 9 मिलेट्स में से जिले के लिए सबसे उपयुक्त मिलेट्स का चयन करते हुए कृषि चक्र को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम 3 वर्षों की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में दलहन, तिलहन, सब्जी उत्पादन, फलोद्यान, औषधीय पौधों, मशरूम उत्पादन एवं बहुफसली खेती (मल्टी क्रॉपिंग) को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सामूहिक खेती, बीज उत्पादन, नर्सरी विकास एवं कृषि आधारित लघु उद्यमों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण बीज, उन्नत कृषि तकनीक एवं सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त सिंचाई सुविधा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा एवं बाजार से जुड़ाव (मार्केट लिंकेज) को भी सशक्त करने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी कृषि सत्र में क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ किसानों की आय में स्थायी सुधार हो सके। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक बेहतर कृषि प्रणाली में सुधार को लेकर जानकारी साझा की गई।

जिले में मखाना की खेती के लिए संबंधित कृषकों को प्रशिक्षण हेतु पूर्णिया कृषक प्रशिक्षण केंद्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर मखाने की उन्नत पैदावार कर सके। मौके पर उपविकास आयुक्त, दीपक कुमार दूबे, कृषि विज्ञान केंद्र डॉ० रविशंकर, एलडीएम, गोड्डा चंदन कुमार चौहान, डीपीएम नाबार्ड नूतनराज, जिला पशुपालन पदाधिकारी गोड्डा, मनोज कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय कुमार नाग, जिला कृषि पदाधिकारी अभिजीत शर्मा, डीएमएफटी एवं पीएमयू सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में वित्त समिति की बैठक

## विकास योजनाओं और बजट को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

निज संवाददाता | दुमका



सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर की अध्यक्षता में वित्त समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों के विकास के लिए कुल 13 एजेंडों पर गहन चर्चा के बाद कई बड़े फैसलों पर मुहर लगाई गई। बैठक में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी में वर्मी कंपोस्ट चैम्बर के निर्माण को हरी झंडी दी गई। साथ ही गोड्डा कॉलेज में बीएड भवन, कैंटीन और साइंस ब्लॉक की मरम्मत के साथ-साथ धमडी कॉलेज के लिए आवश्यक उपकरणों की खरीद के प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

छह नए मॉडल महिला एवं डिग्री कॉलेजों के लिए भी राहत भरे निर्णय लिए गए। इन कॉलेजों में तैनात आउटसोर्स्ड और सुरक्षा कर्मियों के मानदेय का भुगतान अब विश्वविद्यालय के आंतरिक फंड से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, इन सभी कॉलेजों को सुचारू संचालन के लिए एक-एक लाख रुपये की कंटिंजेंसी ग्रांट देने का निर्णय लिया गया। देवघर कॉलेज के भवन की मरम्मत के मामले में समिति ने स्पष्ट किया कि अपेक्षित राशि बहुत अधिक है, इसलिए इसे विश्वविद्यालय के आंतरिक फंड से नहीं किया जा सकता। अब इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में एसपी कॉलेज में बिजली व्यवस्था के नवीनीकरण और पुराने वाहनों के एक्सचेंज को भी प्रशासनिक मंजूरी मिली।

इस अवसर पर वित्त सलाहकार ब्रज नंदन ठाकुर, वित्त पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा, महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेंद्र यादव और डॉ. एस. एन. अधिकारी सहित अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त चुनाव को लेकर एसडीओ एसडीपीओ ने किया सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण

निज संवाददाता | गोड्डा



नगर निकाय चुनाव के तहत गोड्डा नगर परिषद के लिए हो रहे चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन दृढ़संकल्पित है। इसी कड़ी में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी एवं नगर थाना प्रभारी दिनेश महली के द्वारा संयुक्त रूप से नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चिन्हित मतदान केन्द्रों यथा :- बूथ न. 01-12, 24-25 एवं 28-37 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों की भौतिक संरचना, सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प सहित दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। साथ ही मतदान केन्द्रों के आसपास की संवेदनशीलता, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।

अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने निरीक्षण के क्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह अथवा असामाजिक गतिविधियों पर सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा विधि-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुरूप सख्त कदम उठाए जाएंगे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही लगातार गश्ती एवं निगरानी के माध्यम से क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# महाशिवरात्रि को लेकर बासुकीनाथ धाम में तैयारियों की उपायुक्त ने की विस्तृत समीक्षा

निज संवाददाता | दुमका

समाहरणालय सभागार में आगामी महाशिवरात्रि पर्व (15 फरवरी) के अवसर पर बासुकीनाथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं सुचारू पूजा-अर्चना को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बासुकीनाथ में की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय रहते पूर्ण कर ली जाएँ, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उपायुक्त ने बताया कि पूर्व की तरह महाशिवरात्रि के अवसर पर भी श्रद्धालुओं के लिए शीघ्र दर्शनम की व्यवस्था रहेगी।जानकारी दी गयी कि मंदिर के रंग-रोगन का कार्य जारी है।साथ ही विद्युत साज-सज्जा का कार्य आकर्षक एवं सुरक्षित ढंग से कराने का निर्देश दिया गया।कहा कि बासुकीनाथ मंदिर क्षेत्र सहित सभी प्रमुख पहुँच पथों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि रात्रि के समय श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों को स्पष्ट रूप से चिन्हित करने तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े सभी आवश्यक प्रबंध दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

इसके साथ ही एक अग्निशमन वाहन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया। साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने कहा कि मंदिर परिसर, शिवगंगा क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में स्वच्छता उच्च स्तर की होनी चाहिए। नियमित रूप से कचरे का निष्पादन किया जाए तथा फोगिंग मशीन के माध्यम से समय-समय पर फोगिंग कराई जाए, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके।

उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि आवागमन सुचारू बना रहे। साथ ही शिवगंगा से रूट लाइन में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए खराब नल, टैप या अन्य उपकरणों को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू दर्शन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न न हो तथा पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी जरमुंडी,सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी,जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, पंडा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास



निज संवाददाता | गोड्डा

पोक्सो के विशेष न्यायाधीश सह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार पवन के न्यायालय ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप को सही पाकर ललमटिया थाना क्षेत्र के बडहरा निवासी अमर कुमार मिर्धा को 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 20000 जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं भरने पर 1 साल अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया जबकि भादवि की धारा 366 के तहत 7 साल कारावास एवं 10000 जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं भरने पर छह माह की सजा से दंडित किया गया। दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। ललमटिया थाना में दर्ज प्राथमिक में नाबालिक के पिता ने कहा है कि एक 19 नवंबर 22 को उसकी नाबालिग पुत्री बगल में सामान लाने के लिए दुकान गई थी।

जब देर तक वापस नहीं आई तो छानबीन किया इस दौरान पता चला किअमर कुमार मिर्धा ने उसका अपहरण कर लिया है। लड़की ने भी अपने बयान में बंगाल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की बात कही है। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष 13 गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्षों के बयान सुनने के उपरांत न्यायालय ने सजा सुनाई।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की बड़ी बैठक

## पूर्व सांसद और विधायकों ने फूँका जीत का मंत्र

निज संवाददाता | दुमका




आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए शुक्रवार को पुराना भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समीक्षा और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन, गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल, नाला के पूर्व प्रत्याशी माधवचंद्र महतो और भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता रक्षित उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि नगर निकाय चुनाव सीधे तौर पर आम जनता की बुनियादी सुविधाओं से जुड़ा होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि जनता को स्वच्छ, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देना है। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर जन-जन तक पहुँचने का आह्वान किया।

चुनाव प्रभारी और पूर्व विधायक अमित मंडल ने कार्यकर्ताओं के अनुशासन और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं खूबियों के दम पर पार्टी इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। संचालन समिति की इस बैठक में चुनावी प्रबंधन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी के दिशा-निर्देशों का पालन करने और निकाय चुनाव में भाजपा को निर्णायक बढ़त दिलाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# एनआरएचएम अनुबंध कर्मियों ने आठ प्रतिशत प्रोत्साहन राशि भुगतान की उठाई मांग



निज संवाददाता | दुमका

शुक्रवार को झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम–जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की दुमका जिला इकाई ने कार्यरत एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन एवं फार्मासिस्ट को देय 8 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाया।

इस संबंध में संघ से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचकर सिविल सर्जन दुमका को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से संघ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मी लंबे समय से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें निर्धारित प्रोत्साहन राशि से वंचित रखा जा रहा है। संघ का कहना है कि एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन और फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाते हैं।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ये कर्मी लगातार आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में लंबे समय से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होना कर्मचारियों के साथ अन्याय है और इससे उनका मनोबल भी प्रभावित हो रहा है। संघ ने सिविल सर्जन से मांग की कि लंबित 8 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, ताकि कर्मचारी बिना किसी आर्थिक तनाव के अपने कार्य को बेहतर ढंग से कर सकें। साथ ही संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया, तो वे आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होंगे।

# पीरपैंती में अदाणी फाउंडेशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ






निज संवाददाता | पीरपैंती (गोड्डा)

प्रखंड के दानापुर मस्जिद परिसर में शुक्रवार को अदाणी पावर प्लांट के सीएसआर कार्यक्रम के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर से सैकड़ों ज़रूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिली। शिविर में ग्रामीणों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयाँ भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग शिविर स्थल पर पहुंचने लगे। इस पहल से विशेष रूप से उन परिवारों को लाभ मिला, जिनके लिए बेहतर इलाज तक पहुंच आज भी एक चुनौती बनी हुई है।

ग्रामीणों ने अदाणी पावर प्लांट और अदाणी फाउंडेशन की इस मानवीय पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर न केवल इलाज उपलब्ध कराते हैं, बल्कि लोगों में उम्मीद और भरोसा भी जगाते हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि अदाणी पावर प्लांट केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य पीरपैंती क्षेत्र के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

# समाहरणालय हाईवे पर नए कजरिया टाईल्स मार्बल शोरूम का हुआ उद्घाटन



निज संवाददाता | गोड्डा

नया समाहरणालय के समीप हाइवे पर कजरिया टाईल्स मार्बल शोरूम का भव्य उद्घाटन चेयरमैन अधिवेद मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन अरविंद मदंबाथ, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा कल्पना देवी, डॉ अशोक कुमार संत थॉमस स्कूल गोड्डा के प्राचार्य विंसेंट सलदनहा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिले एवं शहर के प्रमुख लोगों व्यापारियों अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजिनियर के साथ साथ सभी सेक्टर से जुड़े लोग उपस्थित थे। सभी आगंतुकों अतिथियों का स्वागत शॉल और पुष्प गुच्छ देकर कजरिया शोरुम के संचालक मो शाहिद इक़बाल उर्फ गुड्डू, मनोज कुमार अकेला अजय दुबे, मुकेश कुमार गाड़िया, मनोज भारती, मो आफताब, पवन कुमार रक्षित आदि के द्वारा किया गया।

संचालन दीपक कुमार अग्रवाल कर रहे थे जबकि जेनरल हार्डवेयर स्टोर के प्रोप्राइटर व गुड्डू मार्बल के पिता मो ऐनुल हक़ के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया उन्होंने उद्घाटन समारोह में आए तमाम अतिथियों का आभार व्यक्त कर शुभकामनाएं दीं।

# नाम वापसी के बाद गोड्डा नगर परिषद में अध्यक्ष पद के 11 प्रत्याशी मैदान में, महागामा में सभी 12 बरकरार

निज संवाददाता | गोड्डा




नगर निकाय चुनाव को लेकर शुक्रवार को नाम वापसी की निर्धारित तिथि के बाद गोड्डा और महागामा क्षेत्र में चुनावी स्थिति स्पष्ट हो गई है। गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र में अध्यक्ष पद के लिए दाखिल कुल 13 नामांकन में से दो प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया, जिसके बाद अब यहां अध्यक्ष पद के लिए 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन वापसी के दिन गोड्डा नगर परिषद अध्यक्ष पद के दो अभ्यर्थियों ने अपनी अभ्यर्थिता वापस ले ली। इनमें मो. अंजुम अख्तर और सोनी परवीन शामिल हैं। इनके नाम वापस लेने के बाद अब गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र में अध्यक्ष पद के लिए कुल 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। सभी शेष प्रत्याशियों को आगामी 07 फरवरी को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा।

गोड्डा नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए मैदान में बचे उम्मीदवारों में कामरान असर्फी, सुशील रमानी, राजेश कुमार साह, जितेंद्र कुमार, प्रभु दयाल पंडित, नरेंद्र कुमार नारायण, प्रखर कुमार, विनोद कुमार, अनिल साह, मो. मुस्तकीम और विशाल कुमार मंडल शामिल हैं। नाम वापसी के बाद अब चुनावी मुकाबला और भी रोचक हो गया है। वहीं महागामा नगर पंचायत की बात करें तो यहां अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। जांच के दौरान सभी प्रत्याशियों के नामांकन सही पाए गए। नाम वापसी की तिथि पर महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। ऐसे में महागामा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सभी 12 उम्मीदवार चुनावी मैदान में बने हुए हैं और मतदाताओं का समर्थन पाने के लिए प्रयास करेंगे।